सूर्योदय 5:50 सूर्यास्त 7:0

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.5 न्यू | 22.6 अधि |
| धर्मशाला | 20.5 न्यू | 26.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79105.88 |
| निफ्टी | 24143.75 |
| सोना 71,488 | चांदी 83,327 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 15 अगस्त 2024 | 31 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 239, कुल पृष्ठ 16+4= 20 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



'अनंत ज्ञान' परिवार की तरफ से सभी सुधि पाठकों, एजेंट मित्रों, वितरक बंधुओं और विज्ञापनदाताओं को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

## अंक बंद रहेगा

स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को अवकाश रहेगा। 16 अगस्त को अखबार का प्रकाशन नहीं होगा। हमारा अगला अंक अब 17 अगस्त को उपलब्ध होगा। -प्रबंधक

# डोडा में एनकाउंटर; कैप्टन शहीद, एक आतंकवादी ढेर

### खून से सने चार बैग मिले, एम-4, एके-47 राइफल और गोला-बारूद बरामद, गोलीबारी जारी

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

**जम्मू**-कश्मीर के डोडा जिले में बुधवार को सर्च अभियान के दौरान आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में सेना का एक कैप्टन शहीद हो गया। वहीं, सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया है।

सेना के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादी के पास से एम-4, एके-47 राइफल और गोला-बारूद बरामद हुआ है। अभी ऑपरेशन जारी है। स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले हुई इस मुठभेड़ में एक नागरिक भी घायल हुआ है। शिवगढ़-अस्सार पट्टी में छिपे विदेशी आतंकवादियों की तलाश में सुरक्षाबलों और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया और इस दौरान घने जंगल वाले इलाके में मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ में कैप्टन दीपक सिंह घायल हो गए, जिन्हें सैन्य अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने शहादत पाई। वहीं, मुठभेड़ स्थल से आतंकियों के चार बैग मिले हैं, जिनमें खून लगा है। पहले माना जा रहा था कि मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए हैं। हालांकि, बाद में एक ही आतंकी के मारे जाने की पुष्टि हुई है।



वहीं, जम्मू-कश्मीर के एडीजीपी जम्मू आनंद जैन ने डोडा का दौरा किया, जहां भारतीय सेना और पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चला रखा है। आनंद जैन ने बताया कि इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। उन्होंने कैप्टन की शहादत पर संवेदना व्यक्त की है। (अनंत ज्ञान)

### स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देश के नाम संबोधन में बोलीं राष्ट्रपति मुर्मू

# दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से भारत का कद हुआ ऊंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सभी देशवासी 78वें स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मनाने की तैयारी कर रहे हैं, यह लहराते तिरंगे को देखना हमारे हृदय को उत्साह से भर देता है। ये महान देश का हिस्सा होने की खुशी को व्यक्त करता है। दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से भारत का कद ऊंचा हुआ है।

विभिन्न त्योहार, स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस को अपने उस परिवार के साथ मनाते हैं, जिसके सदस्य हमारे सभी देशवासी हैं। हम उस परंपरा का हिस्सा हैं, जो स्वाधीनता सेनानियों के सपनों और उन भावी पीढ़ियों की आकांक्षाओं को एक कड़ी में पिरोती है, जो आने वाले वर्षों में हमारे राष्ट्र को अपना संपूर्ण गौरव पुनः प्राप्त करते हुए देखेगी। 14 अगस्त को हमारा देश विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मना रहा है। यह विभाजन की भयावहता को याद करने का दिन है। जब हमारा राष्ट्र विभाजित हुआ, तो लाखों लोगों को भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर, हम इस अभूतपूर्व मानवीय त्रासदी को याद करते हैं और उन परिवारों के साथ एकजुट होते हैं, जो बिखर गए थे। उन्होंने कई सरकारी योजनाओं ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों का उत्थान किया है।



### स्वतंत्रता सेनानियों को किया नमन

राष्ट्रपति ने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। राष्ट्रपति ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश को एकजुट करने का काम किया है। राष्ट्रपति ने भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और सुखदेव जैसे स्वतंत्रता सेनानियों की ओर से दिए गए बलिदानों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि देश संपूर्ण गौरव प्राप्त करेगा।

## पीएम मोदी आज 11वीं बार करेंगे राष्ट्र को संबोधित



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी 11वीं बार स्वतंत्रता दिवस पर सुबह 7.30 बजे राष्ट्रीय ध्वज को फहराएंगे तथा इसके बाद 7.33 पर लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करेंगे। 6,000 विशेष मेहमानों को आमंत्रित किया गया है। पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय दल को भी इस समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## केजरीवाल को नहीं मिली अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले में सीबीआई की ओर से दर्ज भ्रष्टाचार मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया। दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ उनकी याचिका पर जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया। इस मामले की अगली सुनवाई 23 अगस्त को होगी।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिया खनिजों की आय मामले में केंद्र व माइनिंग कंपनियों को झटका

# रॉयल्टी का पिछला बकाया वसूल सकेंगे राज्य

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने बुधवार को खनिजों के खनन और उनसे होने वाली आय, टैक्स शुल्क और रॉयल्टी को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को एक अप्रैल 2005 के बाद से केंद्र सरकार, खनन कंपनियों से खनिज संपन्न भूमि पर रॉयल्टी का पिछला बकाया वसूलने की अनुमति दे दी है।



कोर्ट के इस फैसले से केंद्र सरकार और माइनिंग कंपनियों को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने 25 जुलाई के अपने फैसले को आगामी प्रभाव से लागू करने की केंद्र की याचिका बुधवार को खारिज कर दी, जिसमें राज्यों के पास खदानों और खनिज युक्त भूमि पर कर लगाने के विधायी अधिकार को बरकरार रखा गया था। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय पीठ ने कहा कि 25 जुलाई के आदेश को आगामी प्रभाव से लागू करने की दलील खारिज की जाती है। हालांकि, पिछले बकाए के भुगतान पर कुछ शर्तें होंगी। केंद्र और खनन कंपनियां खनिज संपन्न राज्यों को बकाये का भुगतान अगले 12 वर्ष में क्रमबद्ध तरीके से कर सकती हैं। बहरहाल, पीठ ने राज्यों को बकाया राशि के भुगतान पर किसी प्रकार का जुर्माना न लगाने का निर्देश दिया। केंद्र ने खनिज संपन्न राज्यों को 1989 से खनिजों और खनिज युक्त भूमि पर लगाई गई रॉयल्टी उन्हें वापस करने की मांग का विरोध करते हुए कहा था कि इसका असर नागरिकों पर पड़ेगा और प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों (पीएसयू) को अपने खजाने से 70,000 करोड़ रुपए निकालने पड़ेंगे।

# हिमाचल में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा: सुक्खू

### मुख्यमंत्री बोले- 696.47 करोड़ रुपए की नई परियोजनाएं की जाएंगी शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए 696.47 करोड़ रुपए की लागत से 11 परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य राज्य में पर्यटक की आमद को बढ़ावा देना है।

यह बात मुख्यमंत्री सुक्खू ने पर्यटन विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इन सभी 11 परियोजनाओं के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। पर्यटन राज्य की अर्थव्यवस्था का प्रमुख क्षेत्र है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हजारों परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करता है। धर्मशाला में 161.91 करोड़ रुपए की लागत से कन्वेंशन सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। पालमपुर और नगरोटा बगवां में सौंदर्यीकरण कार्य 95.50 करोड़ की लागत से किया जाएगा। नादौन में वेलनेस सेंटर में निर्माण पर 91.42 करोड़ व्यय होंगे। बाबा बालकनाथ दियोटसिद्ध में पर्यटकों की सुविधा के लिए 65.32 करोड़ खर्च होंगे। नादौन में राफ्टिंग कॉम्पलेक्स, बनूटी में वेलनेस सेंटर, धर्मशाला व शिमला में आईस स्केटिंग रिंक एवं रोलर स्केटिंग रिंक का निर्माण, कुल्लू में वेलनेस सेंटर का विकास व नग्गर कैसल के जीर्णोद्धार पर करोड़ों रुपए खर्च किए जाएंगे।



पर्यटन विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने अधिकारियों को परियोजनाओं में तेजी लाने व निर्धारित समयावधि में कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष आरएस बाली, मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर, प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर आदि उपस्थित रहे।

## थाईलैंड की अदालत ने पीएम श्रेथा को हटाया



**बैंकॉक।** थाईलैंड की अदालत ने नैतिक मूल्यों का पालन न करने के आरोप में प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन को पद से हटा दिया। इससे एक सप्ताह पहले अदालत ने मुख्य विपक्षी दल को भंग कर दिया था। श्रेथा को एक कैबिनेट सदस्य की नियुक्ति को लेकर दोषी ठहराया है।

## मेघालय में भूकंप से हिली धरती, 3.7 रही तीव्रता



**शिलांग।** मेघालय के कुछ हिस्सों में बुधवार सुबह भूकंप के झटके लगे। भूकंप की तीव्रता 3.7 रही। अधिकारियों ने बताया कि जानमाल के किसी नुकसान की कोई खबर नहीं है। सुबह 10 बजकर 55 मिनट पर भूकंप आया।

# शिमला में होटलों में रेड चिट्टे के साथ 5 गिरफ्तार

**शिमला।** शिमला में बुधवार को पुलिस ने शहर के दो निजी होटलों में छापेमारी की। पुलिस ने चिट्टे के साथ पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चार युवक पंजाब और दिल्ली के रहने वाले हैं, जबकि एक स्थानीय निवासी है। बालूगंज थाना पुलिस ने विक्ट्री टनल के पास एक निजी होटल के एक कमरे में चिट्टा बरामद किया है और तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो पंजाब और एक शिमला का रहने वाला है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मंगलवार देर रात को पुलिस टीम ने होटल में दबिश दी। कमरे में तीन युवक मौजूद पाए गए। जब कमरे की तलाशी ली गई तो वहां से 42.10 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने 25 हजार रुपए भी बरामद किए हैं। आरोपियों की पहचान गुरजीत सिंह (22) व सुगनदीप सिंह (21) निवासी तरनतारन (पंजाब) और गौरव सिंह (26) निवासी कृष्णानगर शिमला के रूप में हुई है। वहीं, पुलिस को सूचना मिली कि ओल्ड बस स्टैंड क्षेत्र में एक निजी होटल में रुके दो युवक नशे की तस्करी को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस ने होटल में दबिश दी और तलाशी के दौरान 6.38 ग्राम चिट्टा मिला। कमरे में दो युवक मौजूद पाए गए। इनकी पहचान सूरज (20) और रोहित (20) के तौर पर हुई है। दोनों दिल्ली के रहने वाले हैं।




## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- दुबई से अधिक महंगा है चंबा से भरमौर तक पहुंचना -पेज 4
- हमीरपुर-नादौन में करोड़ों रुपए के शिलान्यास करेंगे मुख्यमंत्री -पेज 6
- आठ दिन बाद मिला अभिषेक का शव -पेज 9
- पेरिस पैरालंपिक में उतरेंगे 84 एथलीट -पेज 16

## मुख्यमंत्री सुक्खू को फिर जान से मारने की धमकी

**पतलीकूहल।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को स्वतंत्रता दिवस पर झंडा न फहराने की धमकियां मिल रही हैं। अब मनाली से विधायक भुवनेश्वर गौड़ को एक कॉल आई है, जिसमें सुक्खू को जान से मारने की धमकी मिली है। उन्होंने पतलीकूहल थाने में एफआईआर करवाई है। मंगलवार को गगरेट के विधायक राकेश कालिया को भी फोन आया था, जिसमें सीएम सुक्खू और विधायक को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी।

## पेरासिटामोल और एटोडोलैक के फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन पर रोक

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गजट नोटिफिकेशन (संख्या 3284) जारी करते हुए पेरासिटामोल और एटोडोलैक के फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन के प्रोडक्शन, सेल्स और डिस्ट्रीब्यूशन पर तत्काल बैन लगाने की घोषणा की है। अब इस कॉम्बिनेशन का मानव उपयोग के लिए बैन लगाया गया है।






## न्यूज ब्रीफ

### शिमला में उपमुख्यमंत्री करेंगे ध्वजारोहण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह ऐतिहासिक रिज मैदान पर 15 अगस्त 2024 को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस समारोह में उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त अनुपम कश्यप ने दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान मुख्यातिथि ठीक प्रातः 11.02 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इसके पश्चात, आकर्षक परेड और मार्च पास्ट होगा। परेड में जिला पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड्स तथा पुलिस बंद व होम गार्ड बैंड शामिल रहेंगे। इसके अलावा समारोह में विभिन्न स्कूलों की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी पेश की जाएंगी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में सेंट एडवर्ड स्कूल, संभोता तिब्बतन स्कूल, राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर, ऑकलैंड हाउस स्कूल, डीएवी न्यू शिमला, केंद्रीय विद्यालय जाखू और स्वर्ण पब्लिक स्कूल टूटीकंडी शामिल हैं।

### हाटकोटी डैम में मिला ऊना के युवक शव

**दशमी रावत, जुब्बल।** कुछ दिन पहले आकाश ठाकुर नामक युवक ने रोहड़ू के बखीरना पुल से पब्बर नदी में छलांग दी थी। रोहड़ू पुलिस को मिली सुचना के अनुसार आकाश पुत्र जनक राज निवासी गांव अम्बोटा जिला ऊना ने बखीरना पुल से पब्बर नदी में छलांग लगा दी थी। जिसकी तलाश पुलिस व अन्य लोग पब्बर नदी के किनारों के आसपास करते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस के अनुसार सोमवार रात को पुलिस थाना रोहड़ू में फोन के माध्यम से सुचना प्राप्त हुई कि हाटकोटी डैम में एक शव तैर रहा है। पुलिस व दमकल विभाग की टीम ने मंगलवार सुबह गुमशुदा व्यक्ति का शव हाटकोटी डैम के गेट से बरामद कर लिया, जिसकी शिनाख्त इसके परिवारवालों ने की है। (अनंत ज्ञान)

### डीएवी कॉलेज कोटखाई में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, कोटखाई।** आज दिनांक 14 अगस्त को डीएवी महाविद्यालय कोटखाई की एनएसएस यूनिट ने यूको बैंक कोटखाई के सहयोग से एक सफल पौधरोपण अभियान का आयोजन किया। एनएसएस अधिकारी दिनेश शर्मा और सहायक आचार्य प्रियंका शर्मा एवं छात्रों की उचित भागीदारी और बैंक मैनेजर, पंकज जोशी और रमेश कुमार के सहयोग से, विभिन्न स्थानों पर लगभग 60 पौधे लगाए गए, जिससे एक हरा-भरा और अधिक टिकाऊ पर्यावरण बनाने में योगदान मिला।

### सेना प्रशिक्षण कमान ने निकाली बाइक रैली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यालय सेना प्रशिक्षण कमान ने 78वें स्वतंत्रता दिवस 2024 के उपलक्ष्य में एक स्वतंत्रता बाइक रैली का आयोजन किया। रैली का शुभारंभ सेना प्रशिक्षण कमान के लेफ्टिनेंट जनरल धीरेंद्र सिंह कुशवाह, एवीएसएम, एसएम, चीफ ऑफ स्टाफ के द्वारा के अन्नाडेल से किया गया। मोटरसाइकिल चालकों की इस उत्साही टीम में शिमला के 36 सैन्यकर्मी और उत्साही नागरिक शामिल थे। 100 किलोमीटर की यह बाइक रैली शिमला-कुफरी-चैल-कंडाघाट-शिमला के रास्ते से निकली। इस बाइक रैली को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह सवारों को सशस्त्र बलों द्वारा किए गए वीरतापूर्ण बलिदान को याद करने और युवा पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण और साहसिक कार्य के लिए प्रेरित करने का अवसर प्रदान करे। इस पहल का उद्देश्य न केवल स्वतंत्रता दिवस की भावना का सम्मान करना है, बल्कि 'सांस्कृतिक और जातीय विविधता में एकता' को भी उजागर करना है।

### स्वास्थ्य मंत्री ने शिव बावड़ी हादसे में जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने शिव बावड़ी, समरहिल में पिछले साल 14 अगस्त को शिव बावड़ी में प्राकृतिक आपदा से जान गंवाने वाली दिवंगत आत्माओं को स्मृति स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि गत वर्ष भारी बारिश व भूस्खलन के कारण हुई प्राकृतिक आपदा से प्राचीन शिव बावड़ी मंदिर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसमें 20 श्रद्धालु काल का ग्रास बन गए जो सुबह पूजा-अर्चना हेतु उस समय मंदिर में उपस्थित थे। स्वास्थ्य मंत्री ने श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत पौधा भी रोपित किया। इस अवसर पर विधायक हरीश जनार्था, महापौर नगर निगम शिमला सुरेंद्र चौहान व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### उमंग फाउंडेशन और वेलकम होटल ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उमंग फाउंडेशन ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस वेलकम होटल (आईटीसी) व युवक मंडल जोटलू-भाटला के साथ पौधे लगाकर मनाया। बल्देयां के साथ लगते गांव जोटलु में देवदार, बान और कनौर के पौधे लगाए। उमंग फाउंडेशन के ट्रस्टी विनोद योगाचार्य ने बताया कि उमंग फाउंडेशन प्रति वर्ष शिमला शहर के आस पास के जंगलों में पौधे लगाती है तथा लोगों को पौधरोपण के लिए जागरूक भी करती है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मेघराज ठाकुर ने की तथा पूर्व बीडीसी सदस्य निरम सिंह ठाकुर व पूर्व मंडल उपाध्यक्ष बीजेपी कसुंपटी दुर्गादास ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। युवक मंडल जोटलू भाटला के प्रधान अर्जुन ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

# इस बार कम हुआ सेब का कारोबार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में पिछले साल की अपेक्षा सेब का उत्पाद कम हुआ है। मंडियों में काफी कम सेब पहुंच रहा है। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव का असर हिमाचली सेब पर साफ नजर आ रहा है। देशभर में फल राज्य के नाम से विख्यात हिमाचल में पहले सर्दियों के मौसम में अच्छी बारिश और बर्फबारी नहीं हुई। जिससे सेब के लिए जरूरी चिलिंग आवर्स पूरे नहीं हुए। इसके बाद सेब में फ्लावरिंग के समय मौसम खराब रहा और मौसम के उतार चढ़ाव के चलते फ्रूट सेटिंग कम हुई।

वहीं, गर्मियों में समय पर पर्याप्त बारिश ने होने के कराण सेब का साइज और क्वालिटी प्रभावित हुई है, जिससे इस बार सेब का उत्पादन अनुमान से भी कम रहने के आसार हैं। हिमाचल में अभी तक सेब सीजन रफ्तार नहीं पकड़ पाया है। इसकी गवाही खुद सरकारी आंकड़े दे रहे हैं। अभी तक प्रदेश सहित बाहरी राज्यों की मंडियों में पिछली साल की तुलना में सेब की 9,77,220 पेटियां कम पहुंची हैं। हिमाचल में अगस्त के दूसरे सप्ताह तक सेब सीजन अपनी रफ्तार पकड़ लेता था, लेकिन फ्रूट का साइज न बनने से सेब सीजन अब गति नहीं पकड़ पाया है। प्रदेश सहित देश की विभिन्न मंडियों में 12 अगस्त तक 16,58,313 पेटियां सेब की पहुंची हैं। इसमें प्रदेश में स्थित विभिन्न मंडियों में 11,08,591 पेटियां और बाहरी राज्यों की मंडियों में 5,49,722 पेटियां सेब पहुंचा है। जो कि पिछले साल के मुकाबले में 9,77,220 पेटियां कम हैं। हालांकि, दो से तीन दिनों से मंडियों में पहुंचने वाली सेब की पेटियों के आंकड़ों में सुधार हो रहा है। यह ऐसे कि 8 अगस्त को एक ही दिन में प्रदेश सहित देश की विभिन्न मंडियों में 1,08,505 पेटियां सेब पहुंचा था। वहीं 12 अगस्त को एक ही दिन में मंडियों में 1,84,108 पेटियां सेब पहुंचा था। इसमें प्रदेश की विभिन्न मंडियों में 1,13,591 पेटियां सेब बिकने के लिए लाया गया था। वहीं बाहरी राज्यों की मंडियों में सेब की 70,517 पेटियां भेजी गई थीं। प्रदेश भर में सेब पैदावर करने वाले जिलों से प्राप्त हुई रिपोर्ट के मुताबिक इस बार 2,91,42,800 पेटियां सेब उत्पादन रहने का अनुमान लगाया गया है। इसमें सबसे अधिक सेब जिला शिमला में 1,60,99,550 पेटियां होने की संभावना है।

## प्रोजेक्ट प्रभावित किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल किसान सभा लुहरी हाइड्रो प्रोजेक्ट प्रभावित कमेटी की बैठक भद्राश मे हुई। बैठक मे लुहरी प्रोजेक्ट प्रभावित किसानों की समस्याओं पर चर्चा कर भविष्य की योजना बनाई गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए किसान सभा के राज्य सचिव राकेश सिंघा, ओंकार शाद, लुहरी हाइड्रो प्रोजेक्ट कमेटी के महासचिव देवकी नंद, कृष्णा राणा, प्रेम चौहान ने संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि किसान सभा प्रोजेक्ट प्रभवित पंचायतों के किसानों की मांगों को लेकर पिछले काफी समय से संघर्षरत है, परंतु सरकार, प्रशासन व सतलुज जल विद्युत निगम किसानों की समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि किसान सभा, प्रशासन व सतलुज जल विद्युत निगम के बीच 9 मई 2024 को समझौता हुआ था। जिस समझौते में सहमति बनी थी कि जहां पर धूल से फसल का नुकसान हुआ है। उसका सर्वे 20 जुलाई 2024 तक पूरा कर दिया जाएगा,जहां पर ब्लास्टिंग से मकानों में दरारें आई हैं। उसका सर्वे एक अगस्त तक पूरा करने की सहमति बनी थी। इसके साथ-साथ रोजगार देने लर भी बात हुई थी परंतु प्रशासन द्वारा इस समझौते को लागू नहीं किया जा रहा है। अभी तक नीरथ पंचायत मे ही दरारों का मुआवजा मिला है।

## सुन्नी कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस की धूम

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**



राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में स्वतंत्रता स्मरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह के मुख्यातिथि प्राचार्य रामलाल शर्मा रहे, जबकि बतौर आमंत्रित विशिष्ट अतिथि एवं प्रेरक वक्ता पूर्व उपकुलपति सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के प्रो. देवदत्त शर्मा ने हिस्सा लिया। समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं मुख्यातिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्यातिथि ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वतंत्रता शुभकामना संदेश दिया।

प्रो. देवदत्त शर्मा ने प्रेरक बहुमूल्य अभिभाषण दिया। उन्होंने स्वतंत्रता के वास्तविक, प्रासंगिक अर्थ एवं महत्व को बड़े सहज, सरल उदाहरणों द्वारा समझाया। इसके पश्चात एनएसएस, एनसीसी, रोवर और रेंजर इकाई, ईको क्लब तथा महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं द्वारा गीत, युगलगीत, समूहगान, एकल नृत्य, समूह नृत्य आदि प्रस्तुत किए गए। जिसमें निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. सुनील आचार्य, प्रो. अश्विनी कुमार तथा प्रो. सुभाष ठाकुर ने निभाई। राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रप्रेम के गीत-संगीत एवं नृत्य का सभी दर्शकों ने आनंद लिया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया। एकल गान में ज्योतिका प्रथम, धर्मेंद्र द्वितीय, मोहिनी ने तृतीय, युगल गान में भारती और भावना ने प्रथम, करण और मुस्कान ने द्वितीय, ममता और प्रीति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। (अनंत ज्ञान)

## कच्चा मकान ढहा, मलबे में दबने से बुजुर्ग दंपती घायल

**नीरज शर्मा/घुमारवीं**

उपमंडल घुमारवीं की कुमझवाड़ पंचायत के पलेला गांव में मंगलवार रात को तीन मंजिला स्लेट पोश कच्चा मकान एकाएक ढह गया। मलबे में दबकर बुजुर्ग सोहन लाल और बर्फी देवी घायल हो गए। घायल दंपती को उपचार के लिए जिला अस्पताल बिलासपुर ले जाया गया। वहीं मकान की धरातल मंजिल में बांधी गई छह बकरियां मलबे में दब कर मर गईं।

जानकारी के अनुसार मंगलवार रात करीब 8 बजे पलेला गांव के सोहन लाल और उनकी पत्नी बर्फी देवी अपने कच्चे मकान की तीसरी मंजिल स्थित रसोई में मौजूद थे। एकाएक मकान अंदर से ढह गया। जोरदार आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने मलबे में दबे दंपती को बाहर निकाला और एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया।गनीमत रही कि ग्रामीणों ने समय रहते बुजर्ग दंपती को मलबे से बाहर निकाला और जिला अस्पताल बिलासपुर ले गए। मकान की धरातल मंजिल स्थित पशुशाला में छह बकरियां बंधी थीं और बीच की मंजिल में सामान रखा था, लेकिन सब मलबे में दब गया और बकरियां मलबे में दब कर मर गईं। वही बुधवार को तहसीलदार घुमारवीं दीनानाथ यादव ने मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मकान गिरने से करीब पांच लाख रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं प्रशासन की तरफ से तीस हजार रुपए सहायता राशि दी गई है। (अनंत ज्ञान)

## धामी कॉलेज में मनाया स्वतंत्रता दिवस




**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी 16 मील में एनएसएस यूनिट द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह को मनाया गया। इस कार्यक्रम में धामी के प्राचार्य डॉ. जनेश कपूर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम में मंच संचालन बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अस्मिता ने किया।इतिहास विभाग के प्रवक्ता प्रो. किशोरी चंदेल ने स्वतंत्रता के लिए किए गए विभिन्न आंदोलनों एवं स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका एवं योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने का लक्ष्य निर्धारित करें तथा व्यर्थ की राजनीति का भाग न बनकर इन स्वतंत्रता सेनानियों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें। इसके अलावा कई प्रोफैसरों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान विद्यार्थियों ने आजादी के वीरों की याद में रैली भी निकाली तथा वीरों की कुर्बानी को याद किया। (अनंत ज्ञान)

## सॉफ्ट ब्रेन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट ने धूमधाम से मनाया वन महोत्सव




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** घुमारवीं विस क्षेत्र के तहत आने वाले गलासी क्षेत्र में सॉफ्ट ब्रेन टैक्नोलॉजी कंप्यूटर सेंटर द्वारा वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान के शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा औषधीय और फलदार पौधे लगाए गए। जिसमें अर्जुन, नीम, हरड़, बेहड़ा, आम, अमरूद आदि के कुल 90 पौधे लगाए गए। संस्थान के निर्देशक रजनीश शर्मा ने बताया कि सॉफ्ट ब्रेन टैक्नोलिजी कंप्यूटर सेंटर द्वारा प्रत्येक वर्ष वन महोत्सव का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा प्रत्येक वर्ष विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन होता है, जिसमें संस्थान द्वारा अपनी अहम भूमिका निभाई जाती है। इस मौके पर संस्थान के उपनिदेशक अनूप शर्मा, निति शर्मा, स्वाती रार्मा, शिल्पा शर्मा, अरुणा ठाकुर, और संस्थान के प्रशिक्षु जिसमें शगुन, खुशबू, अंकिता, रितिका, दितिका शर्मा, पायल, इशाना आदि मौजूद रहे।

### बिलासपुर कॉलेज में वेबिनार का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर महाविद्यालय की लीगल अफेयर्स कमेटी व डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटीज बिलासपुर के द्वारा फ्री लीगल एड एंड लीगल सर्विसेज एक जागरूकता वेबिनार आयोजित किया गया। जिसमें बिलासपुर जिले के सभी प्राइवेट और सरकारी महाविद्यालय के विद्यार्थी आमंत्रित थे। इस वेबीनार का आयोजन दोपहर 12 बजे ऑनलाइन किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल, डिस्ट्रिक्ट लीगल कमेटी के कन्वीनर डॉक्टर रितु शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रोफेसर नवेंदु बंसल आदि उपस्थित रहे।

### झंडूता में निकाली तिरंगा रैली

**गोपाल कपिल, झंडूता।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र में हर घर तिरंगा अभियान के तहत जोन स्तर पर तिरंगा यात्रा के आयोजन के अंतिम चरण में बुधवार को झंडूता जोन में रैली निकाली गई। झंडूता बाजार से टिक्करी होते हुए मंडल भाजपा कार्यालय तक निकाली गई तिरंगा यात्रा की अगुवाई झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने की। हाथों में तिरंगा उठाए उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ लगभग 3 किलोमीटर की पैदल यात्रा की। इस दौरान पूरा क्षेत्र भारत माता की जय तथा तिरंगा ऊंचा रहे हमारा जैसे उद्घोषों से गूंज उठा। कटवाल ने कहा कि आजादी के इस पर्व में हर देशवासी की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा हर घर तिरंगा अभियान के तहत कई तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### पुनःमूल्यांकन में मिनर्वा के दो छात्र मेरिट लिस्ट में

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं के दसवीं कक्षा के छात्रों ने पुनःमूल्यांकन में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की मेरिट सूची में जगह बनाई है। अब कुल छह छात्र बोर्ड की टॉप टेन मेरिट सूची में दर्ज हो गए हैं। इन छह छात्रों में से 4 ने पहले ही बोर्ड की टॉप टेन में सूची में जगह बनाई थी। अब इस सूची में 2 और छात्रों ने अपना नाम दर्ज करवाया है। प्रियल रतवान ने पुनःमूल्यांकन में 700 में से 696 अंक प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया है। इससे पहले प्रियल रतवान ने 700 में 691 अंक प्राप्त कर बोर्ड मेरिट सूची में नाम अंकित करवाया था। वहीं प्रगति ने 694 अंक प्राप्त कर छठा स्थान हासिल किया है, जबकि आदर्श भोगल ने 700 में 691 अंक प्राप्त किए हैं। वहीं मॉडल स्कूल ऑफ एडुकेशन टिहरा से यहां शिक्षा प्राप्त कर रही तन्वेक्षा ने 700 में 692 अंक हासिल कर 9वां स्थान झटका है।

### विवेक ने जागरूकता शिविर में लिया भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** विकास खंड झंडूता की ओर से आत्मा परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत धणी में जागरूकता शिविर का आयोजन कृषि विभाग की ओर से किया गया। इस शिविर में किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस शिविर में बतौर मुख्यातिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने शिरकत की। इस दौरान उनका शिविर में पहुंचने पर स्थानीय लोगों की ओर से स्वागत किया गया। वहीं, इस मौके पर विवेक कुमार ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार की ओर से किसानों के उत्थान के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।












## हजारों लोगों के योगदान और संघर्ष की बदौलत आजाद हुआ था भारत

हजारों लोगों के योगदान और संघर्ष की बदौलत भारत ने 15 अगस्त, 1947 को आधी रात में आजादी पाई, जब देश के आधे से अधिक लोग सो रहे थे। ब्रिटिश सरकार ने भारत को आजादी देने के लिए 15 अगस्त की ही तारीख क्यों मुकर्रर की थी।

**क्यों आजादी की घोषणा आधी रात को हुई थी ?**

दरअसल, भारत की आजादी के दिन, 15 अगस्त को, देशभर में उत्साह और देशभक्ति का माहौल होता है। लोग इस दिन अपनी आजादी का जश्न मनाते हैं और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देते हैं। भारत की आजादी के इतिहास के एक जरूरी पहलू को उजागर करती है। ब्रिटिश शासन के मूल योजना के अनुसार, भारत को 30 जून, 1948 को आजाद होना था लेकिन पं. जवाहर लाल नेहरू और मोहम्मद अली जिन्ना के बीच पाकिस्तान के बंटवारे को लेकर पैदा हुए तनाव और सांप्रदायिक दंगों के बढ़ते खतरे ने इस योजना को बदल दिया। जिन्ना के पाकिस्तान को भारत से अलग करने की मांग के कारण लोगों में सांप्रदायिक झगड़े की संभावना काफी हद तक बढ़ने लगी थी, जिसके चलते भारत को 15 अगस्त 1947 को ही आजादी देने का फैसला लिया गया था। लार्ड माउंटबेटन ने 4 जुलाई को 1947 को ब्रिटिश हाउस ऑफ कॉमन्स में इंडियन इंडिपेंडेंस बिल प्रस्तुत किया, जिसे ब्रिटिश संसद में मंजूरी दी गई और बाद में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई।










## न्यूज ब्रीफ

### कल दाड़ी फीडर के तहत बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सहायक अभियंता हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत उपमंडल धर्मशाला-।। ने सूचित किया है कि 11 केवी दाड़ी फीडर के तहत ट्रांसफार्मर की स्थापना के लिये 16 अगस्त, 2024 को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आंशिक रूप से बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान शिल्ला चौक, भतेहड़, पासू, मनेड़, कनेड़, लोअर सुक्कड़ एवं दाड़ी बाई पास क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। मौसम प्रतिकूल होने पर यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### नवमी पर ज्वालाजी मंदिर में 25 हजार ने टेका माथा

**अनंत ज्ञान, ज्वालाजी।** शक्तिपीठ श्री ज्वालाजी मंदिर में श्रावण नवरात्र के आठवें नवरात्र पर मां के भक्तों ने 5 लाख 13 हजार 292 रुपए का नकद चढ़ावा मां के चरणों में अर्पित किया। मंदिर अधिकारी मनोहर लाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नवमी नवरात्र को लगभग 25 हजार श्रद्धालुओं ने पवित्र ज्योतियों के दर्शन किए। मंदिर कर्मचारियों, पुजारी वर्ग, शहरवासियों व समस्त विभागों के सहयोग से श्रावण अष्टमी नवरात्र शांतिपूर्वक संपन्न हुए।

### आलमपुर में शुरू हुआ हर घर तिरंगा झंडा अभियान

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** आलमपुर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत जयसिंहपुर भाजपा मंडल ने जयसिंहपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र राणा, पूर्व जयसिंहपुर विधायक रविंद्र रवि धीमान के नेतृत्व में आलमपुर बाजार में हर कार्यकर्ता ने हाथ में तिरंगा झंडा फहराते हुए देशभक्ति के नारे लगाते हुए रैली निकाली। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आजादी के अमृत महोत्सव पर 11 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा झंडा अभियान पूरे देश में मनाया जा रहा है। जयसिंहपुर का कार्यकर्ता पूरे देशभक्ति के जज्बे के साथ 112 बूथ पर यह कार्यक्रम की शुरुआत कर रहा है। वहीं, पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान है। तिरंगा फहराते हुए हर व्यक्ति गौरवान्वित महसूस करता है। इसलिए हर घर तक तिरंगा पहुंचे इसकी व्यवस्था करना हर देशभक्त का कर्तव्य है।

### भाजपा बारी जोन ने गढ़ में निकाली तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान, डरोह।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सुलह मंडल बारी जोन की ओर से गढ़ जमूला में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा सुलह मंडल के अध्यक्ष केप्टन देश राज शर्मा ने की। इनके साथ बारी जोन प्रभारी विजय गुलेरिया भी मौजूद रहे। भाजपा सुलह मंडल महासचिव हंस राज ने अपने संबोधन में कहा कि यह यात्रा सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार के मार्गदर्शन में हो रही है। इस यात्रा में पूरी मातृशक्ति,भाजपा युवा मोर्चा सुलह के अध्यक्ष मनदीप अवस्थी व उनकी टीम ने भाग लिया। यह यात्रा डाकघर मलकेहड़ गढ़ से देशभक्ति के नारों के साथ शुरू हुई और सामुदायिक भवन में जाकर समाप्त हुई।

### अमनदीप का सिविल इंजीनियरिंग में चयन

**अनंत ज्ञान, गगल।** डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा के विद्यार्थी अमनदीप ने चमकाया स्कूल का नाम। जानकारी देते हुए स्कूल की प्रधानाचार्य एकता अत्री ने बताया कि डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्र अमनदीप का नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी हमीरपुर में सिविल इंजीनियरिंग में चयन हुआ है। प्रधानाचार्या एकता अत्री ने बताया कि अमनदीप शुरू से बहुत ही साधारण विद्यार्थियों में से एक था और पढ़ाई में प्रथम स्थान पर रहता था। स्कूल आने पर अमनदीप का स्वागत किया गया और उसे प्रधानाचार्या द्वारा हिमाचली टोपी, फूल और 1000 रुपए का इनाम भी दिया गया।

### खो-खो में आदर्श मॉडल स्कूल तियारा प्रथम

**अनंत ज्ञान, गगल।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोठार रानीताल में हुई अंडर-14 की हुई खेल प्रतियोगिताओं में आदर्श मॉडल पब्लिक स्कूल तियारा के बच्चे प्रथम रहे। स्कूल के शारीरिक अध्यापक संदीप ने बताया के अंडर-14 की खेल प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल किया और उन में से 5 छात्र व पांच छात्राएं जिला स्तरीय के लिए चयन भी हुआ। स्कूल संस्था के प्रबंधक सुभाष धलोरिया ने बच्चों को प्रथम आने पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### मार्च पास्ट में थुरल स्कूल रहा विजेता

**अनंत ज्ञान, डरोह।** मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थुरल में अंडर-14 थुरल जोन के लड़के/लड़कियों की चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन खंड परियोजना अधिकारी एवं प्रधानाचार्या अनुपम बाला राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थुरल द्वारा किया गया। इस समापन समारोह में मुख्यातिथि ने विजेता व उपविजेता टीमों को इनाम व सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। टूर्नामेंट में मार्च पास्ट में थुरल स्कूल विजेता रहा। थुरल स्कूल के छात्र व छात्राएं कबड्डी में भी विजेता रहे। लड़कों के वॉलीबॉल मुकाबलों में ढाटी स्कूल विजेता रहा, जबकि उपविजेता रैनसन पब्लिक स्कूल रहा। लड़कियों में वॉलीबाल में मूंढी स्कूल विजेता व उपविजेता गढ़ जमूला स्कूल रहा। लड़कों में खो-खो में ढाटी स्कूल विजेता व उपविजेता गढ़ जमूला स्कूल रहा। लड़कियों में खो-खो में गढ़ जमूला स्कूल विजेता रहा व उपविजेता बच्छवाई स्कूल रहा। इसके अलावा बैडमिंटन में लड़कों में मूंढी स्कूल विजेता व उपविजेता डगेरा स्कूल रहा। लड़कियों में बेडमिंटन में भिल्ला स्कूल विजेता व उपविजेता मूंढी स्कूल रहा। शतरंज में गढ़ जमूला विजेता व उपविजेता मूंढी स्कूल रहा।

### डाडासीबा ने वॉलीबॉल में हासिल किया प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटला बेहड में संपन्न हुई अंडर-14 छात्र एवं छात्राओं की खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में बाबा काशीराम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडासीबा वॉलीबॉल में प्रथम स्थान पर रहा और बैडमिंटन में द्वितीय पुरस्कार का खिताब प्राप्त किया। जो कि खेलकूद प्रतियोगिता। बच्चों की इस शानदार सफलता पर प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार ने खिलाड़ी बच्चों व उनके अभिभावकों को बधाई दी।

# हर घर साफ पानी पहुंचाना सुनिश्चित करे जल शक्ति विभाग : किशोरी लाल

## सीपीएस ने विश्राम गृह बैजनाथ में की विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

मुख्य संसदीय सचिव कृषि, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज किशोरी लाल ने बुधवार को विश्राम गृह बैजनाथ में विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को लेकर जल शक्ति विभाग व बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित करना उनकी प्रतिबद्धता है। उन्होंने चालू वित्त वर्ष की सभी लक्षित परियोजनाओं के कार्य को युद्धस्तर पर पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बिजली विभाग को निर्देश दिए कि कोई भी तार खुली हुई न हो। उन्होंने कहा कि जिन भी पेड़ों के पास बिजली की तारें हैं, उनकी समय पर कटाई करवाई जाए। सीपीएस ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों से कहा कि हर घर तक साफ पानी पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि कहीं भी पाइप लीक है तो उसे ठीक करवाया जाए, ताकि पानी बर्बाद न हो। पानी के टैंकों की समय पर सफाई कराई जाए। (अनंत ज्ञान)



बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते सीपीएस।

### आशीष बुटेल आज से चंबा के प्रवास पर

**चंबा।** मुख्य संसदीय सचिव शहरी विकास एवं शिक्षा आशीष बुटेल 15 अगस्त से जिला चंबा के तीन दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। एक विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य संसदीय सचिव 15 अगस्त को सायं चंबा प्रवास पर पहुंचेंगे। उनका रात्रि ठहराव वन विश्राम गृह चंबा में रहेगा। आशीष बुटेल 16 अगस्त को शिक्षा मंत्री के साथ प्रवास पर रहेंगे। वह 17 अगस्त को चंबा से पालमपुर रवाना होंगे।



## एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस में 60 पदों के लिए इंटरव्यू कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी, धर्मशाला ने आज यहां जानकारी देते हुए बताया कि एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, कांगड़ा के द्वारा डेवलपमेंट मैनेजर और लाइफ मित्रा के कुल 60 पदों को भरा जाना प्रस्तावित है। इन पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता स्नातक पास रखी गई है व आयु सीमा 30 वर्ष से 45 वर्ष तक रखी गई है।

इन पदों हेतु पूर्व सैनिक व निजी स्कूल अध्यापक, जिनके पास पांच से दस साल तक का कार्य अनुभव होगा को प्राथमिकता दी जाएगी। कंपनी द्वारा डेवलपमेंट मैनेजर के पदों हेतु 25 हजार से 50 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा व लाइफ मित्रा के पदों का वेतन कमीशन आधारित होगा। सभी इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों व पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ उप रोजगार कार्यालय, कांगड़ा में सुबह 10:30 बजे पहुंचकर कंपनी के समक्ष साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, मूल प्रमाण पत्र एवं अपना बायोडाटा की कापी व अनुभव प्रमाणपत्र (यदि हो) साथ लेकर आएं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9805425746 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभागीय साईट पर साक्षात्कार का ब्योरा अपलोड कर दिया गया है।

उन्होंने सभी इच्छुक आवेदकों से अनुरोध किया कि वह साक्षात्कार में भाग लेने से पहले https://eemis.hp.nic.in पर अपनी ई-मेल या मोबाइल नंबर से लॉगिन करने के बाद डैशबोर्ड पर दिख रही एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस की रिक्तियों के लिए आवेदन करें। विभागीय साइट पर ऑनलाइन आवेदन के पश्चात ही साक्षात्कार में भाग लिया जा सकता है।

## नूरपुर की कृतिका विलानोवा यूनिवर्सिटी से करेगी पीएचडी



**संजीव महाजन, नूरपुर**

विधानसभा नूरपुर की छोटी सी पंचायत ममूह गुरचाल से संबंध रखने वाली बेटी कृतिका ठाकुर का संयुक्त राज्य अमेरिका की विलानोवा यूनिवर्सिटी, पेंसिल्वेनिया में पीएचडी के लिए चयन हुआ है। कृतिका ने शुरू से आठवीं तक की पढ़ाई राजकीय पाठशाला चंबा से की। धर्मशाला में सरकारी कॉलेज से ग्रेजुएशन करने के बाद एमएससी घुमारवीं से की। इसी दौरान कृतिका ने जो वहां शोध किए, उन शोध कार्यों के चलते उनका चयन विलानोवा यूनिवर्सिटी में पीएचडी के लिए हुआ है। कृतिका के परिवार में पिता टेक चंद सरकारी स्कूल में जेबीटी शिक्षक और माता लीला देवी गृहिणी हैं। माता लीला देवी ने कहा कि उनकी बेटी ने जो मुकाम हासिल किया है, उससे वे सभी बहुत खुश हैं।

वहीं, गुरचाल मूमह पंचायत प्रधान खुशवंत सिंह ने कहा कि गांव की इस बेटी ने अपनी मेहनत से अपने माता-पिता का ही नहीं गांव का नूरपुर का हिमाचल प्रदेश का भी नाम रोशन किया है। उन्होंने कृति के उज्ज्वल भविष्य के लिए उसे शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

## श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूट बधानी में धूमधाम से मनाया तीज का त्योहार

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूट्स बधानी कॉलेज (पठानकोट) में तीज का त्योहार बहुत धूमधाम से मनाया गया। इसमें श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूट्स की एमडी तृप्ता पुंज बतौर चीफ गेस्ट मौजूद रहीं। तृप्ता पुंज ने स्टाफ तथा स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति परंपरा के अनुसार तीज का त्योहार पूरे देश में मनाया जाता है। इसे हरितालिका तीज या कजली तीज भी कहते हैं।

तीज का त्योहार हिंदू महिलाओं का त्योहार होता है। इस दिन कुंवारी लड़कियां योग्य वर की प्राप्ति के लिए तीज का व्रत रखती हैं और शादीसुदा महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और उनके जीवन के सभी कष्टों को दूर करने के लिए तीज का व्रत रखती है। सावन के महीने में चारों तरफ हरियाली दिखाई देती है, इसलिए तीज के त्योहार को हरितालिका तीज भी कहते हैं। हरितालिका तीज के त्योहार को महिलाएं बड़े उत्साहपूर्वक मनाती हैं। ज्योतिषियों का कहना यह होता है कि जिन लड़कियों का विवाह नहीं हो पाता है, उन लड़कियों को तीज के दिन उपवास रखना चाहिए और सच्चे मन से भगवान की पूजा करनी चाहिए। क्योंकि तीज के दिन पूजा-पाठ का करने का एक अलग ही विशेष महत्व होता है। तीज के त्योहार पर प्रिंसिपल पुनीत सवाल, नीलाक्षी सैनी, डॉ. जसवंत कौर,अलका, दीपिका, रीतिका शर्मा, रितिका, रजनी बाला, पलक शर्मा, पलविंदर कौर, सबनम, प्रीतिका, सुशील, सिमरन, कुसम, श्रीकांची तथा स्टूडेंट्स शामिल थे। (अनंत ज्ञान)



### हैप्पी बर्थडे



नगरोटा बगवां के अन्मय को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



सुजत शर्मा को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### आशा वर्कर्स को दिया बुजुर्गों की देखभाल करने का प्रशिक्षण

**चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा 12 से 17 अगस्त तक चलने वाले छह दिवसीय प्रशामक देखभाल, बुजुर्गों की देखभाल एवं मानसिक स्वास्थ्य देखभाल प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन उपस्थित प्रतिभागियों कों अपन-अपने क्षेत्र में बुजुर्गों की देखभाल कैसे करनी है के बारे में आशा कों कैसे प्रशिक्षित करना है के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्हें यह भी बताया गया कि बुजुर्गों कों कौन-कौन सी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं तथा उनका उपचार करके,उनकी सहायता करके एवं उन्हें सहारा देकर उन समस्याओं से कैसे निपटना है के बारे में विस्तार से समझया गया।

## चंबा में 31 के बाद तय होगा अंडर-19 खेलों का शेड्यूल

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा के सरकारी स्कूलों में अब अंडर-19 वर्ग की खंड स्तरीय प्रतियोगिता 31 अगस्त के बाद होगी। इस संदर्भ में उच्च शिक्षा विभाग चंबा ने समस्त स्कूलों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। निदेशालय की ओर से इसके बारे में उपनिदेशकों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। खराब मौसम और भारी बरसात के चलते निदेशालय ने यह पत्र जारी किया है और वर्तमान में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित न करने की बात कही है। शिक्षा विभाग चंबा के कार्यालय में यह सूचना मिल गई है। बहरहाल, अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता के लिए अब बैठक दोबारा होगी। जानकारी के अनुसार मंगलवार को अंडर-19 खेलों का शेड्यूल तय करने के लिए बैठक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनीखेत में रखी गई थी। इस बैठक की अध्यक्षता उच्च शिक्षा उपनिदेशक चंबा प्यार सिंह चाढ़क ने की। बैठक में शेड्यूल के बारे में चर्चा होनी थी, लेकिन निदेशालय की रोक के बाद अब बाद में इसके लिए शेड्यूल तय किया जाएगा। गौरतलब है कि प्रदेश भर में बरसात के चलते भारी नुकसान हुआ है। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शिक्षा निदेशालय ने फिलहाल अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता का शेड्यूल नहीं बनाया है।

### एसओएस 12वीं का पुनर्मूल्यांकन परिणाम घोषित

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष हेमराज बैरवा ने प्रेस के नाम जारी वक्तव्य में बताया कि बोर्ड द्वारा मार्च, 2024 में संचालित की गई राज्य मुक्त विद्यालय की जमा दो कक्षा की परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया गयाहै। परीक्षार्थी पुनर्मूल्यांकन तथा पुनर्निरीक्षण का परिणाम हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए शाखाओं के दूरभाष नंबर 01892-242158 (पुनर्मूल्यांकन) व 01892- 242122 (पुनर्निरीक्षण) पर संपर्क कर सकते हैं।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह में ललित होंगे मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** ग्राम पंचायत सैहली के लूना में हर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस 15 अगस्त के आयोजन पर हिमाचल प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक के निदेशक ललित ठाकुर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए विशिष्ट युवा क्लब लूना के प्रधान अबू शर्मा ने कहा है कि इस वर्ष मनाया जाने वाले स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही स्थानीय महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा । वहीं पर बच्चों द्वारा भी देशभक्ती को लेकर अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।



### मराली अधवारी से 25 भेड़ें और एक बकरी चोरी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सलूणी के मराली अधवारी में रात को गोशाला से 25 भेड़ें और एक बकरी को चोर चोरी करके ले गए। इनकी कीमत 2.50 लाख रुपए बताई जा रही है। मंगलवार सुबह गोशाला का दरवाजा खोलने के बाद भेड़पालक भगतो की अपनी भेड़ें और बकरी के चोरी होने के कारण पांव तले जमीन खिसक गई। पीड़ित ने समय न गंवाते हुए किहार पुलिस थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत देकर मामले की जांच की गुहार लगाई है। वहीं, पुलिस टीम तेलका समेत आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगाल रही है। किहार थाना के एएसआई वीरेंद्र सिंह ने बताया कि गोशाला से 25 भेड़ें और एक बकरी चुराने की शिकायत उनके पास पहुंची है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर चोरों की धर-पकड़ के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं।

### करियां स्कूल में जागरूकता शिविर का आयोजन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करियां में बुधवार को मिशन शक्ति के अंतर्गत 100 दिन विशेष गतिविधि के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की थीम पर आधारित इस एक दिवसीय शिविर में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व सहित उनसे जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों बारे विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने एक बूटा, बेटी के नाम भी रोपित किया। उपायुक्त ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं और उन्हें हर घर पौधा लगाने और उसकी सेवा करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) राकेश कुमार ने कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए इसकी महत्ता बारे बताया। उन्होंने महिलाओं तथा बच्चों के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार उनके विभाग के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं वारे विस्तृत जानकारी दी। इसके अतिरिक्त आईसीडीएस के जिला कोऑर्डिनेटर मनोहर लाल शर्मा ने भी विभिन्न विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के आरंभ में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करियां की प्रधानाचार्य रेखा शर्मा ने उपायुक्त का स्वागत किया।

### सूडोकु 0027 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0026 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

### नगरोटा कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव कल

**नगरोटा बगवां।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां का ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल 16 अगस्त को सुबह 11 बजे से अपने परिसर में ओपन प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने जा रहा है। इसमें दो प्रसिद्ध बहुराष्ट्रीय कंपनियां आईबीएम और डेल प्लेसमेंट के लिए आ रही हैं। महाविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी ने बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में न केवल स्थानीय महाविद्यालय के छात्र, अपितु किसी भी महाविद्यालय का कोई भी स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र भाग ले सकता है।

## धुलाड़ा में अध्यापक तैनात नहीं किए तो मंत्री से करेंगे शिकायत

**अनंत ज्ञान, चंबा**

मैहला क्षेत्र के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुलाड़ा में शिक्षकों की कमी का खामियाजा करीब 200 विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। स्कूल में प्रधानाचार्य सहित अन्य टीचिंग और कार्यालय स्टाफ का अभाव है। स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि इसके बारे में वे कई बार विभाग को अवगत करवा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं हो पाई है। हैरानी की बात तो यह है कि स्कूल में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को भी अन्य स्कूल में प्रतिनियुक्ति पर भेज दिया है। एसएमसी अध्यक्ष सुभाष कुमार एवं सदस्यों ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि जल्द स्कूल में स्टाफ की तैनाती की जाए। ग्रामीणों ने चेताया कि जल्द शिक्षकों की तैनाती नहीं की गई तो वे इस मामले के बारे में शिक्षा मंत्री से शिकायत की जाएगी। उच्च शिक्षा उपनिदेशक प्यार सिंह चाढ़क ने बताया कि जल्द ही खाली पदों को भरा जाएगा।

**अनंत ज्ञान**

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

15 अगस्त, 2024, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** श्रावण, **तिथि** दशमी : (10:25): **नक्षत्र :** ज्येष्ठा (12:53), **पक्ष :** शुक्ल, **योग:** वैधृति (2:58) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:58-12:51), **राहुकाल** (2:03 -03:42)।

**विशेष दिन**

- 15 अगस्त 2024: स्वतंत्रता दिवस आज।
- 15 अगस्त 2024: झूलन यात्रा आज से।

**मेष:** अपनी बातों से लोगों को आकर्षित करेंगे। प्रियजन के साथ समय का सदुपयोग होगा। वाद-विवाद और झगड़े से मानसिक कष्ट बढ़ेगा।

**वृषभ:** पारिवारिक सुख व धन बढ़ेगा। वाणी पर संयम रखें। समाज के कामों में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। आज कहीं से रुका धन मिलने के योग हैं। नौकरी में पदोन्नति के चांस हैं।

**मिथुन:** निजी जीवन में कठोर निर्णय लेने होंगे। आज पारिवारिक सुख व धन बढ़ेगा। आपकी वाणी पर संयम आवश्यक है। समाज के कामों में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।

**कर्क:** अपने करियर को लेकर चिंतित रहेंगे। नए काम में शीघ्रता नहीं करें। कार्यस्थल पर कर्मचारियों की निष्क्रियता के कारण मन अप्रसन्न रहेगा।

**सिंह:** व्यस्त रहें, मस्त रहें। आप दूसरों की मदद करने में सदैव तैयार रहते हैं। आज खर्च अनावश्यक रूप से बढ़ेंगे। अपने दुख को छुपा रहे हैं।

**कन्या:** दूसरों की बातों पर जल्द विश्वास कर लेते हैं। आज आर्थिक योग प्रबल है। सामाजिक कार्यों से सुयश एवं प्रभाव में वृद्धि हो सकती है।

**तुला:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। दूसरों के हित के लिए आप सदैव तत्पर रहते हैं, पर आप को लोगों से निराशा जनक व्यवहार मिलेगा। व्यापार में लाभ होगा।

**वृश्चिक:** आपकी सूझबूझ और दूरदर्शिता से व्यापार में लाभ होगा। दोस्तों का सहयोग एवं समर्थन मिलेगा। राजनीति में नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे।

**धनु :** क्रोध की अधिकता रहेगी। परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। व्यापार-व्यवसाय पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**मकर:** घर गृहस्थी की भागदौड़ में व्यस्त रहेंगे। आप अपना संपर्क बढ़ने के प्रयास करेंगे। आज का आर्थिक निवेश लाभकारी रहेगा। धन संबंधी काम पूरे होंगे।

**कुंभ:** दूसरों की जीवनशैली देखकर अपना रहन-सहन बदलने के प्रयास करेंगे। जीवनसाथी की भावनाओं को समझें और उन्हें भी समय दें।

**मीन:** अपने काम करने के तरीकों को बदलें। घर की साज-सज्जा पर भारी खर्च होने की संभावना है। आज कर्ज लेने से बचना चाहिए।

**महंगाई** — हेली टैक्सी में चंबा से भरमौर के लिए एक तरफ का किराया 25,000 रुपए

# दुबई से अधिक महंगा है चंबा से भरमौर तक पहुंचना

**अनंत ज्ञान, चंबा**

देश की राजधानी दिल्ली से हवाई जहाज के माध्यम से दुबई पहुंचना तो आसान है लेकिन चंबा से भरमौर तक हेली टैक्सी के माध्यम से पहुंचना आसान नहीं रहेगा। उत्तर भारत की प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा केदौरान चंबा से भरमौर के लिए पहली बार शुरू होने जा रही हेली टैक्सी सेवा का किराया बहुत अधिक है।

> हेली टैक्सी सुविधा प्रदान करने वाली दो कंपनियां इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं हैं कि चंबा से भरमौर के बीच अधिक यात्री हेली टैक्सी की सुविधा लेना चाहेंगे। ऐसे में यदि महज मणिमहेश यात्रा के दौरान मिलने वाली हेली टैक्सी सेवा को इस बार चंबा से भरमौर के बीच भी शुरू किया जा रहा है। कंपनियों की ओर से 25,000 रुपए किराया निर्धारित किया गया है। इससे पूर्व कंपनियों ने बहुत अधिक किराया बताया था। इनसे बातचीत कर इसे कम किया गया, लेकिन इससे कम में कंपनियां सेवाएं देने को तैयार नहीं हैं। चंबा से भरमौर के लिए यात्री आते हैं तथा भरमौर से चंबा के लिए यात्री नहीं मिलते हैं तो इसका काफी नुकसान कंपनियों को उठाना पड़ सकता है। कई अन्य कारण भी बताए जा रहे हैं। **- कुलबीर सिंह राणा, एसडीएम भरमौर।**

जब से किराया निर्धारित किया गया है, तब से लोगों के बीच इसकी खूब चर्चा है। चंबा से हेली टैक्सी के माध्यम से भरमौर पहुंचने के लिए करीब 25,000 रुपए एक तरफ का किराया चुकाना पड़ेगा। यदि कोई यात्री चंबा से भरमौर, भरमौर से गौरीकुंड, गौरीकुंड से भरमौर व भरमौर से फिर चंबा तक का रास्ता तय करता है तो उसे करीब 57,790 रुपए खर्च करने पड़ेंगे, जबकि दिल्ली से दुबई पहुंचने के लिए हवाई जहाज में एक तरफ का किराया लगभग 10,000 रुपए है। वहीं अमरनाथ यात्रा के दौरान पहलगाम से पंजतरणी तक एक तरफ का किराया 4900 रुपए और दो तरफ का किराया 9800 रुपए है। चंबा से भरमौर की दूरी सड़क मार्ग से लगभग 65 किलोमीटर है, जबकि हेली टैक्सी के माध्यम से चंबा से भरमौर लगभग आधे घंटे में पहुंच जाएंगे। वहीं भरमौर से गौरीकुंड की दूरी लगभग 24 किलोमीटर है। हेली टैक्सी के माध्यम से लगभग आठ मिनट का समय लगेगा।

भरमौर से गौरीकुंड का किराया इस बार कम इस बार मणिमहेश यात्रा के लिए भरमौर से गौरीकुंड के बीच एक तरफ का 3895 रुपए किराया निर्धारित किया गया है। हालांकि भरमौर से गौरीकुंड तक गत वर्ष दोनों तरफ की उड़ान के लिए 9,000 रुपए किराया तय किया गया था। यानी एक तरफ 4500 रुपए किराया था।



सुखविंद्र सिंह सुक्खु
मुख्यमंत्री (हि.प्र.)



मुकेश अग्निहोत्री
उप-मुख्यमंत्री (हि.प्र.)



विवेक शर्मा
विधायक विस क्षेत्र
कुटलैहड़




# जल शक्ति विभाग हिमाचल प्रदेश

## की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को
## स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**इंजीनियर नरेश धीमान**
अधीक्षण अभियंता
जल शक्ति विभाग वृत
ऊना हिमाचल प्रदेश।

**इंजीनियर राकेश ठाकुर**
अधिशाषी अभियंता
जल शक्ति विभाग मंडल थानाकलां
ऊना हिमाचल प्रदेश।

....................................
सहायक अभियंता
जल शक्ति विभाग उप मंडल
बंगाणा हिमाचल प्रदेश

**इंजीनियर रविंद्र कुमार**
सहायक अभियंता
जल शक्ति विभाग उप मंडल
बंगाणा हिमाचल प्रदेश





माननीय मुख्यमंत्री (हि.प्र.)



माननीय कृषि मंत्री (हि.प्र.)

# कृषि विभाग, हिमाचल प्रदेश

## हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (चरण-2) हमीरपुर

### सर्वप्रथम हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (चरण-2), हमीरपुर की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा चलाई जा रही सरकार की महत्वकांक्षी परियोजना, हिमाचल फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (जाइका समर्थित) के माध्यम से पालमपुर में याटस कॉरपोरेशन, जापान, के सहयोग से शिटाके मशरूम खेती प्रशिक्षण केंद्र (एससीओसी) स्थापित किया गया है, जिसमें अब तक 3.25 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के दूसरे चरण में इस केंद्र के लिए 5.9 करोड़ रुपयों का प्रावधान रखा गया है। इस केंद्र में निम्नलिखित गतिविधियां चलाई जाती हैं। *** इस केंद्र में विशेष रूप से शिटाके मशरूम ब्लॉक का उत्पादन किया जाता है, अब तक इस केंद्र ने लगभग 10000 ब्लॉकों का उत्पादन किया है, यहां से आम किसान 200 रुपए के हिसाब से ब्लॉक खरीद सकता है जिसमें से लगभग 800 ग्राम शिटाके मशरूम का उत्पादन होता है। * इस केंद्र में खेती प्रशिक्षण और अनुसंधान की सुविधा है, अब तक इस केंद्र में 8 ( 6+2 ) दिवसीय 11 प्रशिक्षणों का आयोजन किया जिसमें 172 किसानों को प्रशिक्षित किया।**

इस मशरूम का वैज्ञानिक नाम लेंटिनुला एडोड्स है जिसे आम भाषा मे शिटाके मशरूम बोला जाता है ये अपने पोषण और औषधीय गुणों से भरपूर होने के साथ सुगंध और स्वाद में भी अद्वितीय है इसी बजह से इसे स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभकारी माना जाता है। शिटाके मशरूम में प्राकृतिक रूप से मौजूद लेंटीन नाम बायो एक्टिव कंपाऊंड, एंटी-ट्यूमर और कैंसर-रोधीगुणों के लिए जाना जाता है। यह शुगर लेवल को नियंत्रित करने में मदद करता है इसके अलावा यह इम्युनसिस्टम को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हुए शरीर को विभिन्न बीमारियों से लड़ने में सक्षम रखता है। दिल की बीमारियों के बचाव के लिए भी यह मशरूम काफी फायदेमंद होता है, क्योंकि यह कोलेस्ट्रॉल के स्तर का कम करने में सहयाक होता है। विटामिन-डी का एक उत्कृष्ट स्त्रोत होने के हड्डियों की मजबूती व इनका स्वास्थ्य बनाए रखने के साथ-साथ ऑस्टियोपोरोसिस जैसी हड्डियों की बीमारियों से बचाव में मदद करता है, क्योंकि यह शरीर में कैल्शियम के अवशोषण को बढ़ावा देता है। शिटाके मशरूम के अन्य स्वास्थ्य लाभों में बजन घटाने में सहायक करना और त्वचा को स्वस्थ बनाए रखना शामिल है। यह मशरूम त्वचा की झुर्रियों को कम करने में मदद करता है, जिससे त्वचा हमेशा जवान और ग्लोइंग बनी रहती है। हमारे किसान समूहों ने इसे विभिन्न रूपों में तैयार किया है जैसे:- ताजे मशरूम, सुखाए हुए मशरूम, फ्लेक्स और पाउडर, ताकि इसे उपभोक्ता अपनी आवश्यकता अनुसार या विभिन्न व्यंजनों में इनका इस्तेमाल कर सके। व्यंजनों में मुख्य रूप से शिटाके मशरूम सूप, शिटाके मशरूम बिरयानी, शिटाके मशरूम करी, शिटाके मशरूम पकोड़े, सूखे हुए शिटाके का सूप आदि व्यंजन तैयार किए जाते हैं। उपरोक्त गुणों को और हमारे आजकल की जीवन शैली को देखते हुए अगर हम शिटाके मशरूम को अपनी दैनिक थाली में जगह दें तो स्वाद के साथ-साथ हम अपने बच्चों और अपने बजुर्गों की सेहत का ख्याल रख पाएंगे।

हमारे किसान समूह द्वारा इन सभी गुणकारी विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए शिटाके मशरूम के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार करते हैं। इन उत्पादों को खरीदने के लिए और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए आप निम्नलिखित किसान समूहों से सीधे सपंर्क कर सकते हैं।

| क्रम संख्या | समूह लीडर का नाम | संपर्क सूत्र | समूह का पता | ताजे शिटाके मशरूम | | | सुखाए / फ्लेक्स मशरूम | | | शिटाके मशरूम पाउडर | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | उपलब्धता अवधि | मात्रा | कीमत रूपये/प्रति किलो | उपलब्धता अवधि | मात्रा | कीमत रूपये/ प्रति किलो | उपलब्धता अवधि | मात्रा | कीमत रूपये/ प्रति किलो |
| 1 | श्री निरंजन लाल | 88941-27311 | गांव बुरली कोठी डाकघर पपरोला तहसील बैजनाथ जिला काँगड़ा हि. प्र. | | | | | | | | | |
| 2 | श्रीमती सपना देवी | 88949-54161 | गांव व् डाकघर सगुर तहसील बैजनाथ जिला काँगड़ा हि. प्र. | 1 अगस्त से 15 मार्च तक | मांग अनुसार | 800.00 से 1000.00 | पूरे साल | मांग अनुसार | 3000.00 | पूरे साल | मांग अनुसार | 4000.00 |
| 3 | श्री शम्मू कुमार | 82194-66822 | गांव खरोट डाकघर पनपर तहसील देहरा जिला काँगड़ा हि. प्र. | | | | | | | | | |

नोट: उपरोक्त कीमतें समय-समय पर बदल सकती हैं। अधिक जानकारी के लिए संबंधित समूह लीडर से संपर्क करें। ताजे शिटाके मशरूम, सूखे शिटाके मशरूम और शिटाके पाउडर की मांग डिलीवरी की तारीख से कम से कम 20 दिन पहले देनी होगी तथा उपरोक्त मूल्य निकटवर्ती स्थानों के लिए है दूर के लिए डिलीवरी शुल्क लगेगा।







राज्य परियोजना निदेशक, हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना, द्वितीय चरण हमीरपुर-177001 (हि.प्र.)

## न्यूज ब्रीफ

### विशेष बच्चों ने देशभक्तों को किया नमन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते बुधवार को पहचान संस्था के विशेष बच्चों द्वारा रैली का आयोजन किया गया। संस्था में मुख्यातिथि कार्यकारिणी सदस्य सोनिका शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया उसके बाद पहचान स्पेशल स्कूल से हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा के नारे लगाते हुए और सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा गाने गाते हुए तिरंगा यात्रा की शुरुआत की गई। यह तिरंगा यात्रा स्कूल से झनियारी मंदिर तक निकाली गई। यह तिरंगा यात्रा वीर देशभक्तों को नमन करने का अवसर है। इस अवसर पर चेतना शर्मा, अध्यापकगण, बच्चे, अभिभावक और सोनिका शर्मा विशेष रूप में उपस्थित रही।

### कुलपति ने राज्यपाल को सौंपी वार्षिक रिपोर्ट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति शिव प्रताप शुक्ल को गत्त सोमवार को राजभवन शिमला में हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान ने विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट सौंपी। साथ ही कुलपति ने तकनीकी विवि का त्रैमासिक न्यूज लेटर विज्ञान-तकनीक प्रवाह भी सौंपा। न्यूज लेटर पर तकनीकी विवि में वर्षभर आयोजित सभी गतिविधियों को प्रकाशित किया है। इस मौके पर तकनीकी विवि के कुलसचिव कमल देव सिंह कंवर व अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव भी मौजूद रहे।

### तकनीकी विवि एमबीए-एमसीए की 221 सीटें आवंटित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में एमबीए और एमसीए की काउंसलिंग हुई। काउंसलिंग में एमबीए की 128 और एमसीए की 93 सीटें आवंटित की गई। प्रो. जयदेव ने कहा कि तकनीकी विवि परिसर व संबंधित शिक्षण संस्थानों के लिए एमबीए और एमसीए की काउंसलिंग आयोजित की गई, जिन अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित हुई हैं, उन्हें संबंधित शिक्षण संस्थान में 17 अगस्त सायं चार बजे तक रिपोर्ट करनी होगी।

### क्यारा बाग में दादा-पोते ने किया पौधरोपण

**रवि ठाकुर, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर के बड़सर उपमंडल में दादा-पोते ने एक अनोखी पहल शुरू की है। क्यारा बाग पंचायत में दादा-पोते ने जंगल में 400 आम के पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है, अगर मन में कुछ कर दिखाने का जज्वा हो तो कुछ भी करके दिखाया जा सकता है। एक तरफ सरकार जहां एक पौधा लगाने के लिए लोगों को प्रेरित कर रही है वहीं क्यारा बाग पंचायत के एक दादा-पोते ने एक दो नहीं पूरे 400 आम के पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की एक अनूठी पहल की है। 84 वर्षीय रिखी राम शर्मा व उनके पोते मनदीप ने अपने नजदीकी जंगल में आम के पौधे लगाने की कसरत शुरू कर दी है और अब तक दोनों ने करीब 293 आम के पौधों का रोपण भी कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

### एनएसएस एवं रोड सेफ्टी क्लब ने निकाली तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नादौन के एसएसएस, स्काउट एंड गाइड और रोड एंड सेफ्टी क्लब के सौजन्य से करीब 100 विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा का आरंभ प्रिंसीपल दिली मोहम्मद पोसवाल के द्वारा स्कूल से तिरंगा झंडा लहराकर किया गया। तिरंगा यात्रा विद्यालय प्रांगण से मेन बाजार से होते हुए इंद्रपाल चौक पर ठहराव के बाद सचिवालय होते हुए वापस विद्यालय के प्रागण में पहुंची। तिरंगा यात्रा में बच्चों ने देश भक्ति के गीत और देशभक्ति के नारे लगाए। संस्था के इकाई प्रभारी सुशील शर्मा, अरविंद पटियाल, संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि तिरंगा यात्रा रैली बच्चों और शिक्षकों के सहयोग से सफल रही।

### पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन 20 तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने बी-फार्मेसी और एम-फार्मेसी पुनर्मूल्यांकन, पुनः जांच और उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के लिए आवेदन मांगे हैं। बी-फार्मेसी व एम-फार्मेसी में जून 2024 की परीक्षा में बैठे अभ्यर्थी इसके लिए 20 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं, जो अभ्यर्थी पुनर्मूल्यांकन करना चाहते हैं, वह ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जबकि पुनः जांच और उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को ऑफलाइन फॉर्म भरकर उपरोक्त तिथि तक ही तकनीकी विवि भेजना होगा।

### गगरेट में बिना बिल के पकड़ा सोना और चांदी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राज्य कर व आबकारी विभाग की टीम ने गगरेट में नाकाबंदी के दौरान बिना टैक्स के सोना-चांदी लाने वाले लोगों से करीब 3 लाख 90 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया है। विभाग ने त्योहारों के सीजन में निगरानी व्यवस्था बढ़ा दी है। उपायुक्त राज्य कर व आबकारी विनोद सिंह डोगरा ने बताया कि विभागीय नाका गगरेट तथा साथ लगते क्षेत्र में गत दिनों की गई विशेष चेकिंग के दौरान विभिन्न वाहनों का जीएसटी अधिनियम के अंतर्गत निरीक्षण किया गया। दो मामलों में बिना बिल के स्वर्ण व चांदी के आभूषणों पाए जाने पर उपरोक्त अधिनियम की उल्लंघना करने पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई गई।

### स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगे की रंगत में रंगा ऊना

**राजेश शर्मा, ऊना।** स्वतंत्रता दिवस के उत्सव में ऊना शहर तिरंगे की आभा से सराबोर हो उठा है। जिला प्रशासन ने शहर के प्रमुख स्थलों को राष्ट्रीय ध्वज के रंगों से सजाने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। इन स्थानों पर विशेष 'फसाड लाइटिंग' का प्रयोग किया गया है, जिससे मिनी सचिवालय भवन, रामपुर पुल और शहीद स्मारक तिरंगे के रंगों में जगमगा उठे हैं। उपायुक्त जतिन लाल की सोच पर आधारित इस व्यवस्था में राज्य विद्युत बोर्ड के पीडब्ल्यूडी विंग ने सहयोग किया है। विभाग की टीम ने स्थानीय कांट्रेक्टर रमेश मल्होत्रा का सहयोग लेकर तीन दिनों की कड़ी मेहनत करके यह दृश्य तैयार किया है। करीब तीन सौ लाइट मिनी सचिवालय परिसर में स्थापित की गई हैं। इस काम को अंजाम तक पहुंचाने में राज्य विद्युत बोर्ड के पीडब्ल्यूडी विंग के सहायक अभियंता अंशुल ठाकुर और अधिशाषी अभियन्ता संजीव शर्मा की अहम भूमिका रही है। ऊना के मिनी सचिवालय में तिरंगे के रंग में लाइटिंग व्यवस्था को देखने के लिए लोग रात को पहुंच रहे थे। कुछ लोग रील बनाकर शेयर करते देखे गए। सोशल मीडिया में भी जिला प्रशासन की इस पहल की प्रशंसा हो रही है। यह व्यवस्था करीब तीन दिन तक ऐसे ही रहेगी। (अनंत ज्ञान)

### स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** कहते हैं प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है तो कुछ प्रयास हमारा भी होना चाहिए कि हम सभी मिलकर प्रकृति के लिए भी कुछ न कुछ सेवा कार्य करते रहें। ऐसा ही एक प्रयास बुधवार को कांगड़ा जिला के धर्मशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा किया गया। बता दें कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के कर्मचारियों द्वारा पौधरोपण का पुनीत सेवा कार्य करके जहां सभी को पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण करने का संदेश दिया, वहीं उनकी ऐसी अनुकरणीय पहल सभी विभागों के लिए प्रेरणास्रोत कही जा सकती है।

### अंब न्यायालय परिसर में लगाया भंडारा

**विवेक शर्मा, अंब।** पवित्र सावन के महीने में बार एसोसिएशन अंब के अधिवक्ताओं व उनके स्टाफ द्वारा कोर्ट कांप्लेक्स अंब में बुधवार को मालपूड़ा-खीर के भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें अंब की समस्त जनता ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रधान नरेश ठाकुर, उपप्रधान वीनस जसवाल महासचिव पूर्ण गौतम अधिवक्ता रमेश चौधरी, राजकुमार धनोटिया, मदन गोपाल नरयाल, नरेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### हर घर तिरंगा जागरूकता रैली निकाली

**गुरदेव कुमार, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पिरथीपुर में उपप्रधानाचार्य पूनम देवी की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा अभियान के तहत एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर पूनम देवी कहा कि हर घर तिरंगा अभियान किसी त्योहार से कम नहीं है। भारत सरकार लगातार देशवासियों को देशभर में तिरंगा फहराने की अपील कर रही है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान से नई पीढ़ी के साथ-साथ देश के सभी लोगों में देश के प्रति और राष्ट्रिय ध्वज के प्रति गौरव और सम्मान बढ़ेगा। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी सतीश सिंह मिन्हास, अजय कुमार, हर्बिंद्र सिंह, प्रोमिला कुमारी, अमित कुमार, अभिनव पराशर आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### विद्यार्थियों को डिजिटल तकनीक बारे बताया

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दौलतपुर चौक में शिक्षा सप्ताह के पांचवें दिन कौशल एवं डिजिटल तकनीक के बारे एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें रीतिका, श्रेया, केशव व अश्मित ने अपने भाषण द्वारा स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल क्षेत्र में क्लाउड कंप्यूटिंग, आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस, डाटा साइंस, कोडिंग, भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे कौशल विकास हेतु वोकेशनल शिक्षा पर अपने विचार सांझा किए। इस मौके पर विद्यार्थियों ने एग्रीकल्चर स्किल, डिजिटल स्किल, पर प्रैक्टिकली कर के दिखाया। इस मौके पर उपप्रधानाचार्य वासुदेव ठाकुर, अधयापक जसवीर, विपिन, प्यारे राम, भुभनेश आदि ने भाग लिया।

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस : भारत-पाक बंटवारे का दर्द

# पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर और विधायक आशीष शर्मा समेत कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

15 अगस्त 1947 को मिली आजादी से एक दिन पहले हुए भारत के विभाजन और उस त्रासदी में मारे गए एवं पीड़ित लाखों लोगों की याद में भाजपा ने 14 अगस्त को हमीरपुर बाईपास स्थित बसंत पैलेस में 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के रूप में मनाया, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष देशराज शर्मा ने की।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर, विधायक आशीष शर्मा, विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्षा वंदना योगी, पूर्व विधायाक उर्मिल ठाकुर, कमलेश कुमारी आदि कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर बिक्रम ठाकुर ने कहा कि इतिहास के सबसे क्रूर प्रकरण के दौरान अमानवीय पीड़ाओं का सामना करने वाले, जीवन खो देने वाले और बेघर हो जाने वाले लाखों लोगों को भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता आज श्रद्धांजलि अर्पित करता है। इस अवसर पर हमीरपुर सदर विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि जिस समय यह प्रकरण हुआ उस समय सभा में बैठे लोगों में से कोई भी पैदा नहीं हुआ था, परंतु उस बारे में जो भी पढ़ा और सुना है, उसी से दिल सिहर उठता है। इस मौके पर बड़सर विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने भी कार्यकर्ताओं के समक्ष अपने विचार रखे। (अनंत ज्ञान)



### भरेड़ी–बडैहर सड़क मार्ग 4 दिन से बंद


एसके शर्मा, जाहू। भरेड़ी से वाया बडैहर जोल कोटा में भारी बारिश होने की वजह से चार दिन से सड़क मार्ग बंद होने की वजह से लगभग 10 से अधिक गांव के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बडैहर, कोटा, जोल, सरसोली, गजरेडा, दर, मैरा, रोपडी, पल्ली गांव के ग्रामीणों को बस सुविधा से वंचित होने की वजह से टैक्सी करके अपने काम को जाना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि चार दिन से बड़े वाहनों और बसों के लिए सड़क बंद होने के वाद भी लोक निर्माण विभाग ने सड़क की सुध नहीं ली। विभाग की लापरवाही की वजह से ग्रामीणों को टैक्सी करके अपने काम करवाने के लिए जाना पड़ रहा है। जंगल में से रास्ता होने की वजह से तेंदुए का खतरा बना रहता है, जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है। बारिश होने से जोल कोटा के पास सड़क से लहासा जाने की वजह बड़े वाहनों के लिए बंद हो गई है व छोटे वाहन चालकों के लिए खतरा बना हुआ है।

## हमीरपुर–नादौन में करोड़ों रुपए के शिलान्यास करेंगे मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 16, 17 और 18 को जिला हमीरपुर के प्रवास पर रहेंगे। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री 15 अगस्त को कांगड़ा जिले के देहरा में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने के बाद शाम को अपने पैतृक गांव सेरा पहुंचेंगे। 16 अगस्त को वह सुबह 11 बजे हमीरपुर के निकट दोसड़का के पुलिस मैदान में राजस्व विभाग की स्वामित्व योजना के तहत आम लोगों को संपत्ति कार्ड वितरण का शुभारंभ तथा जनसभा को संबोधित करेंगे। यहीं पर ही वह राज्य कर एवं आबकारी विभाग की कॉलोनी और टाउन भराड़ी–नंधन–प्लासी सड़क का शिलान्यास करेंगे, शाम को वह सेरा लौट जाएंगे। 17 अगस्त को सुबह 11 बजे नादौन के खरीड़ी मैदान में बहु–उद्देश्यीय खेल परिसर का शिलान्यास करेंगे। दोपहर करीब 12 बजे वह बड़ा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन और किसान प्रशिक्षण केंद्र का शिलान्यास करेंगे। 18 अगस्त को सुबह 11 बजे दोसड़का के पुलिस मैदान में शिक्षकों को आधुनिक टैबलेट भी वितरित करेंगे।












## आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

कमलेश वर्मा (परी) प्रभारी, कुल्लू एवं लाहुल स्पीति
सुरेन्द्र तिवोगपा प्रतिनिधि कुल्लू
मोहन कपूर प्रतिनिधि पतलीकूहल

## प्राइवेट बस आपरेटर यूनियन कुल्लू

की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रजत जम्वाल प्रधान
विनय गोयल महामंत्री

स्वतंत्रता दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
आशा ठाकुर
जिला परिषद सदस्य

समस्त लाहौल स्पीति वासियों को स्वतंत्रता दिवस/ जनजातीय उत्सव, लादरचा मेला ओर पौरी मेला की बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं।
राजेश शर्मा ( काउपा )
जिला परिषद
उपाध्यक्ष लाहौल- स्पीति

स्वतंत्रता दिवस और जनजातिय उत्सव की प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## उद्यान विभाग, जिला लाहौल एवं स्पिति द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का विवरण

केन्द्रीय प्रायोजित योजनाए
1. एकीकृत बागवानी विकास मिशन।
2. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना।
3. कृषि यंत्रीकरण पर उप मिशन।

राज्य योजनाए
1. हिमाचल खुम्ब विकास योजना।
2. उद्यान विकास योजना ।
3. मुख्यमंत्री मधु विकास योजना।

डा0 मीनाक्षी शर्मा
उप निदेशक उद्यान
केलांग जिला लाहौल–स्पिति

जय प्रकाश, करियाना स्टोर जाहलमा की ओर से स्वतंत्रता दिवस/ जनजातीय उत्सव और पौरी मेला की बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं।
जय प्रकाश, करियाना स्टोर जहालमा जिला लाहौल स्पीति।
जनरल ऑर्डर, सप्लायर, राशन व आवश्यक वस्तुओं को आपके घरद्वार तक पहुंचाया जाएगा।
सम्पर्क करें: मोबाईल नंबर: 90151 55482, 94595 18627
वाट्सएप नम्बर:, 94182 05053

सुखविंद्र सिंह सुक्खु
मुख्यमंत्री (हि.प्र.)
समस्त लाहौल-स्पीति के वासियों को स्वतंत्रता दिवस/ जनजातीय उत्सव लादरचा मेला ओर पौरी मेला की बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं।
छेरिंग टशी बौद्ध
(उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी लाहौल-स्पीति)

## समस्त कुल्लू एवं लाहौल स्पीति वासियों

को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ रोशन आनंद
विषयवाद विशेषज्ञ(उद्यान)
फल विकास परियोजना बजौरा जिला कुल्लू

## समस्त लाहौल स्पीति वासियों

को स्वतंत्रता दिवस /जनजातीय उत्सव एवं पौरी मेला की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।
रणजीत सिंह
गांव तिबोग

स्वतंत्रता दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
इंदु पटियाल
प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता

वर्ष 1977 से कला संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन सहित समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर रूप से कार्यरत हिमाचल प्रदेश की अग्रणी संस्था सूत्रधार कला संगम कुल्लू की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
दिनेश सेन
अध्यक्ष सूत्रधार कला संगम कुल्लू

NEW VISTAS
निहाल सिंह ठाकुर (आर्किटेक्ट)
सेक्रेटरी, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी
की ओर से सभी देश व प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

स्वतंत्रता दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
राजगीर महंत
बागवान एवं पूर्व अध्यक्ष कुल्लू फलोत्पादक मंडल

## नर्सिंग दाखिला
## CHRISTIAN NURSING COLLEGE

Near Head Post Office, Dhalpur Kullu (HP) - 175101
Recognized by : HPNRC (Govt. of H.P.)
Indian Nursing Council (I.N.C.) (Govt. of India) & Affiliated by Atal Medical & Research University
SCHOLARSHIP AVAILABLE
Mr Sukhdev Masih Managing Director
B.Sc. Nursing 4 Years Degree Course (10+2 Medical)
Entrance Exam - 14th-27th June Compulsory B.Sc.
G.N.M. Staff Nurse Course (10+2 in any Stream)
Limited Seat
Hostel Facility Available
100% Job Placement & Assistance
Mob. : 70181-89461, 82196-86826, 78071-98814

## आदर्श सब्जी मंडी पतलीकूहल

की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कुंज लाल ठाकुर
प्रधान, आदर्श सब्जी मंडी पतलीकूहल
रोशन लाल मालपा
सचिव, आदर्श सब्जी मंडी पतलीकूहल

## स्वतंत्रता दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

संजय गुप्ता
कांग्रेस जिला महासचिव एवं जिला मीडिया प्रभारी कुल्लू

## मिकलम होम स्टे ( रंगरिक )

स्पीति की तरफ से समस्त लाहौल स्पीति के वासियों को लादरचा मेला, स्वतंत्रता दिवस/ जनजातीय उत्सव और पौरी मेला की बधाई एवं शुभकामनाएं
MIKLAM HOME STAY
( VILLAGE RANGRIK, TEHSIL KAZA DISTT LAHOUL SPITTI)
VISIT US FOR: COMFORTABLE STAY, ORGANIC FOOD, 24 HOUR RUNNING HOT WATER.
ALL SEASON OPEN
CONTECT US: 94595-38800, 89881-00450

सभी देश व प्रदेशवासियों को
## स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
खुशाल ठाकुर
प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य एवं सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर

## कुल्लू फलोत्पादक मंडल

की ओर से सभी किसानों और बागवानों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई।
महेंद्र उपाध्याय
अध्यक्ष फलोत्पादक मंडल कुल्लू
राजीव ठाकुर
महासचिव फलोत्पादक मंडल कुल्लू

**अगर** सांप जहरीला न भी हो तो भी उसे जहरीला होने का ढोंग करना चाहिए। -**चाणक्य**

## संपादकीय

# आजादी का मोल

भारत आजादी की 78वीं वर्षगांठ मना रहा है। अंग्रेजों के दमन से मुक्ति पाना इतना आसान नहीं था, लेकिन इसे मुमकिन बनाया है हमारे राष्ट्रीय नायकों ने। उनके वे शक्तिशाली शब्द हमें 15 अगस्त के उत्सव पर गर्व और देशभक्ति की प्रेरणा देते हैं। इस साल 2024 में 15 अगस्त को मनाए जाने वाले स्वतंत्रता दिवस की थीम 'विकसित भारत' है। इस थीम का लक्ष्य है आजादी के 100 साल पूरे होने पर 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना। निश्चित रूप से लक्ष्य बड़ा है और इसमें सबकी भागीदारी जरूरी है, तभी इस लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है। स्वतंत्रा दिवस के सबसे बड़े नायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी थे, जिन्होंने अहिंसा और सत्याग्रह के सिद्धांतों के माध्यम से भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को नेतृत्व प्रदान किया। उन्हीं के मार्गदर्शन में हम सबने आजादी पाई है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान को तो कभी भुलाया ही नहीं जा सकता। नेताजी ने आजाद हिंद फौज का गठन किया था और भारत की स्वतंत्रता के लिए सशस्त्र संघर्ष किया। उनकी हिम्मत की दाद देनी होगी। क्रांतिकारी भगत सिंह युवा थे, जिन्होंने युवाओं में क्रांति की लौ जगाई और अंग्रेजों के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह किया और अल्प आयु में ही शहीद हो गए। उनके सिद्धांत हम सबके लिए आज भी मूल्यवान हैं। चंद्रशेखर आजाद को भला कौन नहीं जानता।

आजाद हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के ऐसे दबंग नेता थे, जिनसे अंग्रेज थरथर कांपते थे। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष किया और देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लाला लाजपत राय जो पंजाब केसरी के नाम से प्रसिद्ध थे। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में अपना सर्वस्व होम कर दिया। बाल गंगाधर तिलक स्वतंत्रता आंदोलन के प्रारंभिक नेताओं में से एक थे, जिन्होंने 'स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है' का नारा दिया था। जवाहरलाल नेहरू भारत के पहले प्रधानमंत्री बने, जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश के निर्माण में योगदान दिया। मौलाना अबुल कलाम आजाद भारत के पहले शिक्षा मंत्री बने, जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश के शैक्षिक विकास में योगदान दिया। इन महापुरुषों के अलावा, कई अन्य स्वतंत्रता सेनानियों और असंख्य क्रांतिकारियों ने भारत की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आजादी का अर्थ है स्वतंत्रता, जिसमें किसी व्यक्ति, समूह या देश को अपने निर्णय लेने और जीवन जीने के तरीके को चुनने की स्वतंत्रता होती है। यह किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीड़न या दमन से मुक्ति की स्थिति है, जहां व्यक्ति अपने विचारों, अभिव्यक्ति और क्रियाओं को बिना किसी भय या दबाव के प्रकट कर सकता है।


अपने जीवन को अपने तरीके से जीने की स्वतंत्रता। अपने निर्णय लेने और अपने भविष्य को तय करने की क्षमता। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से अपने विचारों और भावनाओं को बिना किसी डर या दबाव के प्रकट किया जा सकता है। किसी भी प्रकार के भेदभाव या उत्पीड़न से मुक्ति से समाज में समानता आती है। कानून के समक्ष समानता और न्याय प्राप्त करने का अधिकार हमें आजादी ही देती है। आजादी एक मूलभूत मानव अधिकार है, जो व्यक्ति को अपने जीवन को सार्थक और समृद्ध बनाने में मदद करता है। ब्रिटिश शासन की दमनकारी नीतियां इतनी खतरनाक थीं, जिन्होंने भारतीयों पर अत्याचार किया, उन्हें उनके अधिकारों से वंचित किया और उनकी स्वतंत्रता को कुचलने का प्रयास किया। ब्रिटिश सरकार ने भारत के संसाधनों का दोहन किया और भारतीयों को गरीबी और भुखमरी की स्थिति में रखा।

भारतीय समाज को विभाजित करने का प्रयास किया, जिससे हिंदू-मुस्लिम दंगे और अन्य सामाजिक विभाजन हुए। स्वतंत्रता सेनानियों को जेल में डाला गया, उन्हें तरह तरह की यातनाएं दीं और उन्हें शहीद कर दिया गया। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश सरकार ने भारत को युद्ध में शामिल किया, जिससे भारतीयों को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ। भारत के विभाजन के दौरान लाखों लोगों को अपने घरों से विस्थापित होना पड़ा, जिससे बड़े पैमाने पर हिंसा और मौतें हुईं। स्वतंत्रता सेनानियों में राजनीतिक मतभेद थे, जिससे आंदोलन को कमजोर किया गया। ब्रिटिश सरकार की चालाकियां भारतीय समझ नहीं पाते थे। इस वजह से आजादी पानी में काफी वक्त लग गया। ब्रिटिश सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों को गुमराह करने और उनके आंदोलन को कमजोर करने के लिए कई चालाकियां कीं। 'फूट डालो और राज करो' वाली नीति बनाई। हमारी एकता को छिन्न-भिन्न किया। इन कठिनाइयों के बावजूद स्वतंत्रता सेनानियों ने हार नहीं मानी और अंततः 15 अगस्त 1947 को भारत को आजादी मिली। हमें इस आजादी का मोल समझना होगा और अपनी स्वतंत्रता को संभालकर रखना होगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय लेखक और दार्शनिक

**अरबिंदो** घोष का मूल नाम अरबिंदो घोष है, किंतु अरविंद भी कहा जाता है। आधुनिक काल में भारत में अनेक महान, क्रांतिकारी और योगी हुए हैं, अरबिंदो घोष उनमें अद्वितीय हैं। अरविंदो घोष कवि और भारतीय राष्ट्रवादी थे, जिन्होंने आध्यात्मिक विकास के माध्यम से सार्वभौमिक मोक्ष का दर्शन प्रतिपादित किया। अरबिंदो घोष का जन्म बंगाल के कलकत्ता, वर्तमान कोलकाता, भारत में एक संपन्न परिवार में हुआ। सात वर्ष की अवस्था में उनके पिता उन्हें इंग्लैंड ले गए। अरविंद को भारतीय एवं यूरोपीय दर्शन और संस्कृति का अच्छा ज्ञान था। यही कारण है कि उन्होंने इन दोनों के समन्वय की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास किया। कुछ लोग उन्हें भारत की ऋषि परंपरा (संत परंपरा) की नवीन कड़ी मानते हैं। श्री अरविंद का दावा है कि इस युग में भारत विश्व में एक रचनात्मक भूमिका निभा रहा है तथा भविष्य में भी निभाएगा। उनके दर्शन में जीवन के सभी पहलुओं का समावेश है। उन्होंने अनेक महत्त्वपूर्ण विषयों पर भी अपने विचार व्यक्त किए हैं, यथा संस्कृति, राष्ट्रवाद, राजनीति, समाजवाद आदि साहित्य, विशेषकर काव्य के क्षेत्र में उनकी कृतियां बहुचर्चित हुई हैं। 1892 में भारत लौटने पर उन्होंने बड़ौदा, वर्तमान वडोदरा और कोलकाता में विभिन्न प्रशासनिक व प्राध्यापकीय पदों पर कार्य किया। ■



**अरबिंदो घोष**
**जन्म :** 15 अगस्त,1872
**मृत्यु :** 5 दिसंबर,1950

कविता

### जब भारत में तिरंगा फहराया था



कैप्टन (डॉ.) जय महलवाल, बिलासपुर

*बहुत याद आती है वह आजादी की पहली सुबह,*
*15 अगस्त 1947 को था जब*
*भारत में तिरंगा फहराया।*
*हिंदू, मुस्लिम, सिख ईसाई सब बने थे भाई-भाई,*
*अपनापन था झलक रहा*
*सब में कोई नहीं था पराया।।*
*अपनों से बिछड़ जाने के थे दर्द बड़े-बड़े,*
*न चाह कर भी देश के दो टुकड़े थे करने पड़े।*
*आपस में लड़ा कर फिरंगी थे खुश बड़े,*
*ऐसी लूट मची थी उसे वक्त कुछ थे*
*हिंदुस्तान तो कुछ थे पाकिस्तान में पड़े।।*
*15 अगस्त 1947 से पहले की*
*सुबह थी बहुत काली,*
*डर से थे कुछ कांप रहे तो कुछ मांग रहे थे पानी।*
*किसी ने बहुत चालाकी और चतुराई से,*
*थी दो कौमों को जुदा करने की*
*साजिश रच डाली।।*
*दो टुकड़े करके हिंदुस्तान के,*
*लोगों के बीच थी लड़ाई करवा डाली।*
*किसी के उजड़ गए आशियाने तो*
*किसी ने दी अपनी कुर्बानी,*
*फिर वह आजादी की पहली सुबह बनी थी सुहानी।।*
*कहे 'जय' अपनी सोच को ऐसा बनाएं,*
*खुशहाल हो भारत अपना ऐसा अपना देश बनाएं।*
*आजाद तो हैं हम पर मानसिक गुलामी से*
*भी आजाद हो जाए,*
*जात-पात, धर्म का भेदभाव छोड़कर*
*आओ इंसान हो जाएं।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# भाई-बहन के सच्चे प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार

भारत एक ऐसा देश है, जहां हर त्योहार की अपनी विशेषता और महत्ता होती हैं। इन्हीं त्योहारों में से एक है 'रक्षाबंधन' जो भाई-बहन के प्रेम और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। यह त्योहार भारतीय संस्कृति में बहुत महत्व रखता है और इसे पूरे देश में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। रक्षाबंधन का यह पर्व न केवल भारत में, बल्कि भारतीय समुदायों द्वारा दुनिया के अन्य हिस्सों में भी मनाया जाता है। रक्षाबंधन का इतिहास बहुत पुराना है और इसके पीछे कई पौराणिक कथाएं और कहानियां हैं। इनमें से कुछ प्रमुख कथाएं निम्नलिखित हैं। महाभारत के समय की एक कहानी है कि जब श्रीकृष्ण ने शिशुपाल का वध किया था, तब उनके हाथ में चोट लग गई थी। द्रौपदी ने तुरंत अपने साड़ी के पल्लू को फाड़कर उनकी कलाई पर बांध दिया था। इसके बदले में श्रीकृष्ण ने द्रौपदी की रक्षा का वचन दिया था। इस घटना ने राखी के महत्व को और भी बढ़ा दिया, क्योंकि यह न केवल एक धागा है, बल्कि सुरक्षा का प्रतीक भी है।

एक अन्य कहानी के अनुसार, जब देवताओं और दानवों के बीच युद्ध हो रहा था, तब देवताओं के राजा इंद्र को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ा। उनकी पत्नी इंद्राणी ने एक रक्षासूत्र तैयार किया और इसे इंद्र के कलाई पर बांध दिया, जिससे उन्हें युद्ध में विजय प्राप्त हुई। यह घटना इस बात का प्रतीक है कि राखी केवल भाई-बहन के बीच का बंधन नहीं है, बल्कि यह सुरक्षा और विजय का प्रतीक भी है। एक अन्य कहानी में विष्णु पुराण के अनुसार, भगवान विष्णु ने अपने भक्त राजा बलि को वचन दिया था कि वे उसकी रक्षा करेंगे। इसके परिणामस्वरूप, लक्ष्मीजी ने राजा बलि को अपना भाई बना लिया और उसे राखी बांधकर भगवान विष्णु को वापस ले आईं। इस कथा से यह स्पष्ट होता है कि राखी केवल रिश्तों का बंधन नहीं है, बल्कि यह ईश्वर और भक्त के बीच के संबंधों को भी मजबूत करता है। रक्षाबंधन का अर्थ है 'रक्षा का बंधन'।



**लेखक : रवींद्र कुमार शर्मा**
घुमारवीं, जिला बिलासपुर

इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना करती हैं। इसके बदले में भाई अपनी बहनों को उपहार देते हैं और जीवन भर उनकी रक्षा करने का वचन देते हैं। यह त्योहार भाई-बहन के बीच विश्वास, प्रेम और सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देता है। रक्षाबंधन का आध्यात्मिक महत्व भी बहुत बड़ा है। यह त्योहार हमें यह सिखाता है कि जीवन में सुरक्षा और रक्षा का कितना महत्व है।

यह हमें आत्म-बलिदान, निःस्वार्थ प्रेम और सेवा का महत्व समझाता है। रक्षाबंधन का सामाजिक महत्व भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह त्योहार समाज में एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देता है। यह समाज में प्रेम, सुरक्षा और सहयोग की भावना को मजबूत करता है तथा मान मर्यादा में रहते हुए रिश्तों के महत्व पर भी बल देता है। रक्षाबंधन के दिन कई विशेष परंपराएं निभाई जाती हैं। सुबह से ही बहनें पूजा की थाली सजाती हैं, जिसमें राखी, चावल, रोली और दीपक होते हैं। भाई की कलाई पर राखी बांधते समय बहनें तिलक करती हैं और मिठाई खिलाती हैं। यह प्रक्रिया बहुत पवित्र और धार्मिक होती है और इसे पूरे विधि-विधान के साथ शुभ मुहूर्त में ही किया जाता है।

भाई अपनी बहन को अपनी सामर्थ्य के अनुसार उपहार देते हैं और जीवन भर उसकी रक्षा करने का वचन देते हैं। यह वचन भाई-बहन के रिश्ते को और भी मजबूत बनाता है। उपहारों में अक्सर मिठाई, कपड़े, गहने आदि शामिल होते हैं, लेकिन कुछ अमीर लोग बड़े-बड़े उपहार भी देते हैं। इस दिन परिवार के सभी सदस्य एकत्र होते हैं और मिलकर भोजन करते हैं। यह समय परिवार के सदस्यों के बीच प्रेम और सामंजस्य को बढ़ाता है। आजकल तो विभिन्न प्रकार की राखियां अलग-अलग कीमतों में बाजार में उपलब्ध रहती हैं, लेकिन पहले केवल पुरोहित द्वारा हाथ से रुई व धागे से बनाई गई तथा खुद बनाए गए रंगों से रंगी गईं राखियां पुरोहित द्वारा अपने यजमानों के घर पहुंचाई जाती थी। आज उन राखियों को कोई नहीं पहनता है तथा बाजार में आई नए-नए डिजाइनों की राखियों को ही पसंद किया जाता है। रक्षाबंधन का यह पर्व पूरे परिवार को एक साथ लाता है और परिवार के सदस्यों के बीच संबंधों को मजबूत करता है। रक्षाबंधन का पर्व भारत की विविधता और सांस्कृतिक धरोहर को भी प्रदर्शित करता है।

विभिन्न राज्यों और समुदायों में इसे मनाने के तरीकों में भिन्नता होती है, लेकिन मूल भावना हमेशा एक ही रहती है। आधुनिक समय में रक्षाबंधन के त्योहार ने कई नए रूप और रीतियां अपना ली हैं। अब यह केवल भाई-बहन के बीच ही नहीं, बल्कि मित्रों, सहकर्मियों और यहां तक कि समाज के विभिन्न वर्गों के बीच भी मनाया जाने लगा है। राखी अब ऑनलाइन भेजी जा सकती है, जिससे दूर-दराज के भाई-बहनों को भी जोड़ा जा सकता है। आज के डिजिटल युग में, राखी ऑनलाइन भेजना बहुत ही आसान हो गया है। विभिन्न ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और वेबसाइट्स के माध्यम से राखी और उपहार ऑनलाइन ऑर्डर किए जा सकते हैं और सीधे भाइयों के घर पर भेजे जा सकते हैं। यह सुविधा विशेष रूप से उन लोगों के लिए लाभदायक है जो अपने भाई-बहनों से दूर रहते हैं तथा जिनका इस विशेष त्योहार पर एक दूसरे के पास पहुंचना संभव नहीं हो पाता। समाज में बदलाव के साथ, रक्षाबंधन का स्वरूप भी बदल रहा है। आजकल, न केवल भाई-बहन, बल्कि मित्र और सहकर्मी भी एक-दूसरे को राखी बांधते हैं और अपनी सुरक्षा और सहयोग का वचन देते हैं। इससे रक्षाबंधन का त्योहार और भी व्यापक हो गया है और यह समाज के सभी वर्गों में स्वीकार किया जा रहा है। रक्षाबंधन का त्योहार सामाजिक दृष्टिकोण से भी बहुत महत्वपूर्ण है।

यह त्योहार हमें भाईचारे, प्रेम और सहयोग की भावना सिखाता है। रक्षाबंधन के दिन समाज के विभिन्न वर्गों में एकता और सद्भावना का माहौल बनता है। सभी लोग आपस में मिलते हैं तथा एक दूसरे को बधाई व शुभकामनाएं देते हैं। रक्षाबंधन का पर्व समाज में एकता और सद्भावना का प्रतीक है। यह त्योहार हमें सिखाता है कि भले ही हम विभिन्न जातियों, धर्मों और समुदायों से हों, लेकिन प्रेम और सुरक्षा का बंधन हमें एकजुट करता है। रक्षाबंधन का त्योहार महिला सशक्तिकरण का भी प्रतीक है। यह त्योहार महिलाओं को अपनी सुरक्षा और सम्मान के प्रति जागरूक करता है और उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनने के लिए प्रेरित करता है। रक्षाबंधन का त्योहार न केवल धार्मिक और सामाजिक महत्व रखता है, बल्कि इसका मनोवैज्ञानिक पहलू भी है। यह त्योहार भाई-बहन के बीच विश्वास, प्रेम और सुरक्षा की भावना को बढ़ाता है। रक्षाबंधन का पर्व मानसिक संतुलन और सुरक्षा का प्रतीक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# दो शब्दों के मेल से बना है जनजाति शब्द

जनजाति दो शब्दों की संतुति से बना है जन+जाति। यहां पर सर्वप्रथम हम जाति का विश्लेषण करते हैं। यह शब्द बना 'जात' अर्थात जन्मा हुआ, प्रसूत और जन्मा, सुस्पष्ट है, जन्म से बना है। इस प्रकार जितने प्राणी सृष्टि में जन्में हैं, उन सबकी अपनी-अपनी जाति है। अंग्रेजों ने इसे 'कास्ट' कहा है जो 'कास्ट्रा' जिसका अर्थ जन्म देना ही है, से बना है। भारत को जनजातियों का 'अजायबघर' और मध्य प्रदेश को 'घोसला' कहा जाता है। दूसरा शब्द है 'जन' जो 'गण' का तद्भव है। गण का तात्पर्य समूह, समुदाय। गण को यदि सभ्यतामूलक मान लें, तो जन आदिम स्थिति की ओर संकेत करता है।

इस प्रकार जनजाति का भावार्थ हुआ वह जाति जो अपने आदिम स्वरूप के अधिक से अधिक निकट हो। आदिम स्वरूप के निकट वे लोग हैं, जो आज की विकसित तथाकथित, अत्याधुनिक सभ्यता, संस्कृति से सर्वथा दूर हैं। इसलिए हम इनको आदिवासी कहकर भी संबोधित करते हैं। इस भौतिकवादी विकास की होड़ और प्रक्रिया ने हमें प्रकृति से बहुत दूर कर दिया है। यह अलग बात है कि पर्यटन की दृष्टि से कभी साल छह महीने में एकाध दिन के लिए हम इन्हीं जंगलों में मंगल मनाने चले जाते हैं, किंतु वास्तविकता तो यह है कि अब हम कोठियों/बंगलों में ही जंगल उगाने के शौक पाल बैठे हैं। हमारी इन आदतों ने ऋतुओं की नैसर्गिक प्रकृति को भी प्रभावित कर दिया है। आदिम स्थिति से कुछ बाहर आता किंतु सभ्यता से अभी पर्याप्त दूर समाज जनजाति कहलाती है। इनकी पूर्वस्थिति हमारा संज्ञान क्रमशः प्रागैतिहासिक काल,वैदिक काल और उत्तर वैदिक काल की ओर आकृष्ट करती है। वस्तुतः जनजातियां हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं जिनका अध्ययनपूर्वक संरक्षण करना आधुनिक सभ्य समाज की आवश्यकता है और धर्म भी।



**लेखक : संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र लेखक

प्रकृति से सन्निकट रहने वाली इनकी अपनी ही दुनिया है, जिसमें यह मग्न रहती है। यद्यपि सरकारें भी अब इनके विकास हेतु सजग, सक्रिय दृष्टिगत हो रही हैं। कदाचित इसलिए कि वे समझ चुकी हैं कि आधुनिक सभ्यता का वास्तविक प्रस्थान बिंदु यही है। फिर भी बहुत कुछ ध्यान देने की आवश्यकता है। आधुनिक जन से यह भयभीत भी रहती है। आखिर हों भी क्यों न? विकास के नाम पर बहुतायत में बाग-बगीचे, जंगल पर्वत उजाड़े जा रहे हैं, जो इनके निरापद वासस्थल हुआ करते थे। कैसी विडंबना है कि आदिवासियों, जनजातियों को आर्थिक विकास से जोड़ने वाला मानव शोषण, दोहन, कपट- क्रूरता की दृष्टि से स्वयं जंगली होता जा रहा है। पुराकालीन राजतंत्र में जहां भू-संपत्ति आदि देकर इन जनजातीय वीरों के त्याग और बलिदान को पुरस्कृत किया जाता था।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

### तू जीती कुश्ती हारी



अनिता भारद्वाज

*देख सुनहला सपना उस दिन*
*पूरा भारत सोया था।*
*सुबह हुई फिर खबर सुनी*
*तो पूरा भारत रोया था।*
*140करोड़ उम्मीदों के ऊपर*
*100 ग्राम पड़ गया था भारी।*
*भारत की बेटी तू जीती है*
*खेल नियमों में भले तू हारी।*
*पूरा विश्व तेरा लोहा माने*
*तू जीती है, तू कब हारी है?*
*अपने भारत की शान है तू*
*तू नंबर वन खिलाड़ी है।*
*सोने चांदी से हमको क्या लेना*
*हमने जो ठाना करके दिखाया है।*
*100 ग्राम क्या ऊपर नीचे*
*पूरे विश्व में परचम फैराया है।*
*तू भारत की शान है बेटी*
*खेल जगत की पहचान है बेटी*
*खेल जगत से संन्यास लिया*
*यह कैसा ऐलान है बेटी?*

# प्रकृति से निरंतर हो रही छेड़छाड़ : लोगों की जान पर आफत

दिन-प्रतिदिन प्रकृति से हो रही छेड़छाड़ से पर्यावरण संतुलन बुरी तरह गड़बड़ा गया है। निरंतर खनन होने से पहाड़ दरकने लगे हैं। आए दिन नईं-नईं घटनाएं हो रही है। बादल फट रहे हैं, नदियों, खड्डों व नालों में भयंकर बाढ़ें आ रही है। प्रकृति का यह घिनौना रूप लोगों के लिए भविष्य की बहुत बड़ी तबाही के संकेत दे रहा है, लेकिन लोग फिर भी तबाई के इस संकेत को हल्के में ले रहे हैं। हर वर्ष बरसात के दिनों में बड़े पैमाने में जान-माल का नुकसान होता है इसके साथ ही सैकड़ों लोगों के आशियाने भूस्खलन में दफन हो रहे हैं। सड़कें, पुल रास्ते तबाह हो जाते हैं। इसकी मार जन-जीवन पर पड़ना स्वभाविक ही है।

आए दिन होने वाली घटनाओं जान-माल का बहुत अधिक नुकसान हो रहा है। पहाड़ों के दरकने से कई जिंदगियां हमेशा के लिए दफन हो गई है। बड़ी संख्या में बेजुबान जानवर भी भूस्खलन की चपेट में आ गए। करोडों रुपए की संपत्ति का नुकसान हो रहा है। ऐसी स्थिति में कोई भी अपने आप को सुरक्षित नहीं समझ रहा है। पिछले कुछ वर्षों से भारी बारिश तथा भूस्खलन से पूरे हिमाचल को झझकोर कर रख दिया है। अनेक जिलों में बड़ी संख्या में हर प्रकार की क्षति हुई है। इसके बावजूद मनुष्य प्रकृति से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहा है। मनुष्य अपने भौतिक सुख के लिए पृथ्वी को छलनी कर रहा है। वातावरण में तापमान बढ़ जाने से हिमालय पर स्थित हजारों वर्ष पुराने ग्लेशियर पिघलने लगे हैं। छोटे बड़े कारखानों व अन्य माध्यमों से निकलने वाले जहरीले धुंए व उनसे निकलने वाले कैमिकल युक्त पानी से बढ़ रहा प्रदूषण जीवधारियों के लिए भयंकर खतरा बना हुआ है। सारा वातावरण धुंधला हो गया है। वाहनों से निकलने वाला धुंआ व धूल आदि से वातावरण और अधिक प्रदूषित हो रहा है। पर्यावरण संतुलन न होने से बादल फटने जैसी प्राकृतिक घटनाएं होने लगी हैं।



**लेखक : रामलाल पाठक**
निहारखन बासला (चिड़की)

नदियां खतरे के निशान से ऊपर बहने लगी है। भारी बारिश होने से एकाएक बाढ़ आ जाती है। उससे बहुत कुछ तबाह होने लगा है। जंगल उजड़ने लगे हैं। धरती पर रहने वाले जीवधारियों पर हर समय प्राकृतिक आपदा का खतरा मंडराने लगा है। मौसम में अब पहले की तरह स्थिरता नहीं रही है। पहाड़ों, नदियों, खड्डों व चो-नालों में पत्थरों के साथ ही रेत-बजरी का अंधाधुंध बेतरतीव खनन होने से जहां भूमि में पानी का स्तर काफी नीचे उतर गया है, वहीं दिन-प्रतिदिन भूस्खलन का खतरा और अधिक बढ़ रहा है। भले ही मानव के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए सड़कों, भवनों व बिजली परियोजनाओं का निर्माण समय की आवश्यक्ता है। ऐसे निर्माण विकास की इबारत लिखते हैं तथा इससे लोगों को अनेक मूलभूत सुविधाएं मिलती है। उनकी आज के समय में नितांत आवश्यकता है, लेकिन यह कार्य बेतरतीव ढंग से होने से नुकसान अधिक हो रहा है तथा सुविधाएं कम मिल रही है। पहाड़ों का सीना छलनी होने से बड़े पैमाने पर भूस्खलन हो रहा है। पानी के प्राकृतिक स्रोत लुप्त होने लगे है। खड्डों में पानी नाम मात्र का रह गया है। भूस्खलन से बड़ी- बड़ी विशालकाय चट्टाने गिरने लगी हैं। जिन से पहले भूस्खलन से बचाव हो रहा था।

पहाड़ खंडहरों की तरह दिखने लगे हैं। तापमान में वृद्धि होने से भूकंप का खतरा बढ़ रहा है। आए दिन पत्थर तथा बड़े-बड़े ल्हासे गिर रहे हैं। सड़कें धंस रही है। बड़े-बड़े भवन ताश के पतों की तरह पलभर में बिखर रहे हैं। हालांकि खनन एवं निर्माण कार्य से संबंधित सरकार ने कई तरह के नियम निर्धारित किए हैं, मगर उन्हें धता बताकर मनुष्य अपनी स्वार्थपूर्ति पर अधिक ध्यान देने लगा है। कुछ मामलों में तो संबंधित अधिकारी कोताही बरतते हैं। इसका खामियाजा आम लोगों को ही भुगतना पड़ रहा है। यही विनाश का कारण बन रहा है। विकास की इस आंधी दौड़ में मनुष्य वर्तमान के प्रति ही चिंतित है। भविष्य के बारे में किसी की सोच नहीं रही है। गांव शहरों में तब्दील होने लगे हैं। कच्चे मकानों की जगह अब बड़े-बड़े पक्के मकान बन रहे हैं। हर स्थान पर कंक्रीट के जंगल खड़े हो गए हैं। सड़कें-रास्ते सब पक्के होने लगे है। नदियों पर बिजली परियोजनाएं लग रही है। बड़े-बड़े बांध बन रहे हैं। कई पहाड़ों पर पत्थरों की खानें लगी है। इससे भी भस्खलन का खतरा बढ़ा है।

व्यावसायिक लोग निर्माण कार्य में इतने व्यस्त है कि वे पहाड़ के दरकने या नदियों में आने वाली भयंकर बाढ़ के बारे में सोचते ही नहीं हैं। पता नहीं उन्हें कौन इस तरह के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करता है। ऐसी अनहोनी घटनाएं हो रही है। समय रहते यदि लोग व सरकार ने इस ओर गंभीरता से सोचा तो नुकसान को कम किया जा सकता है। पर्यटन उद्योग इस प्रदेश की आय का स्रोत है। प्रदेश के विभिन्न पर्यटक स्थल में बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। 'अतिथि देवो भव' के सिद्धांत पर उनकी खूब आहोभक्त होती है। उक्त पर्यटक स्थलों में यदि अचानक मौसम खराब हो जाए या नदी नालों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाए। कोई नहीं जानता। प्रदेश में ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं। मौसम विभाग समय-समय पर मौसम से संबंधित पूर्वानुमान की जानकारी भी देता रहता है, लेकिन कई बार खराब मौसम के बावजूद पर्यटक ऐसे स्थानों पर पहुंच जाते हैं, जहां उन्हें भारी कठनाई का सामना करना पड़ता है ।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आजादी के लिए बहादुर नौजवान हंसते-हंसते शहीद हो गए

**15 अगस्त पर विशेष**

आज हम छाती तान कर और सिर उठा कर बड़े ही गौरवान्वित हो कर अपने आप को स्वतंत्र भारत के नागरिक होने का दम भरते हैं, लेकिन कभी आप ने यह भी सोचा है कि यह आजादी हमें कैसे मिली है। बहुत कुर्बानियां दी हैं हमारे देश के बहादुर नौजवानों ने, कितने ही हंसते-हंसते शहीद हो गए, कितनों ने अपनी छाती पर गोलियां खाईं और न जाने कितने फांसी पर लटक गए ? क्या बीती होगी हमारे उन तमाम शहीदों के घर परिवार वालों पर? बड़ा दुख होता है और आज हम आजादी का यह जश्न उनकी बदौलत ही तो मना रहे हैं।

आज से ठीक 76 वर्ष पूर्व,15 अगस्त 1947 के दिन हमारा देश अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त हुआ था। मुक्त क्या देश के तीन टुकड़े करके और इधर सांप्रदायिक दंगे फसादों में हमें धकेल कर, चालबाज अंग्रेज अंदर ही अंदर खुश हो रहे थे। देश पूर्वी पाकिस्तान(बांग्लादेश), पश्चिमी पाकिस्तान व भारत में बांट दिया गया था। विस्थापितों के आने जाने से न जाने कितने घर परिवार उजड़ गए, कितने बिछड़ गए और कितने खून खराबे में मारे गए। बस यह कुछ थोड़ी सी जानकारी (विस्थापन व 15 अगस्त की आजादी की)जो मुझे मेरे माता-पिता,दादा दादी व नानी-नाना से मिली थी बता दी, क्योंकि मैं भी तो उस समय अभी गोदी में ही था। (विस्थापन का दर्द फिर कभी आपके समक्ष प्रस्तुत करूंगा किसी अन्य शीर्षक से)।

हां, इधर अखंड भारत का मानचित्र देखने पर मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ कि कभी हमारा देश भारत इतना विशाल व दूर-दूर तक अपनी सीमाएं फैलाए था।

इसमें अफगानिस्तान, बंगला देश, श्रीलंका, बर्मा, थाईलैंड, नेपाल, भूटान, तिब्बत, जावा, सुमात्रा, मालदीव व कंबोडिया आदि शामिल थे और आज अपने सिकुड़ते हुए देश के क्षेत्रफल को देख कर हैरानी होती है। इतिहास के पन्नों को पलटने से पता चलता है कि पिछले 2500 वर्षों में देश पर विदेशी हमलों के परिणाम स्वरूप इसका 24 बार विभाजन हो चुका है, जिनमें 1000 ईसवी में महमूद गजनवी का आक्रमण व लूट, 1191ईस्वी की मुहम्मद गौरी की लूट, 1400 ईस्वी की मंगोलों(तैमूर का आक्रमण) फिर 1526ईस्वी में बाबर के आक्रमण के पश्चात यहीं मुगल साम्राज्य की स्थापना करना से लेकर आगे 1700 ईस्वी में यहां अंग्रेजों का आना और अपना साम्राज्य फैलाना शामिल है। इस प्रकार यूनानी विदेशियों व मुगलों के आक्रमण व अंग्रेजों , डचों तथा पुर्तगालियों की लूटपाट से देश को न जाने कितनी बार विभाजन का शिकार होना पड़ा। बार-बार प्रताड़ित होने के बावजूद भारतीयों का मनोबल कभी भी डगमगाया नहीं, बल्कि अपनी आजादी के लिए हमेशा लड़ते ही रहे।



**लेखक : डॉ. कमल के प्यासा**
लोअर समखेतर, मंडी

इन्हीं लड़ाइयों में प्रमुख आ जाती है 1857 ईस्वी की प्रसिद्ध विद्रोह की लड़ाई जो कि मेरठ से शुरू हो कर सारे देश में फै ल गई थी। इसके पश्चात किसानों द्वारा कई विद्रोह चलाए गए जिनमें नील विद्रोह 1859 से1860 इर्स्वी में बंगाल के किसानों द्वारा चलाया गया था।13 अप्रैल 1919ईस्वी को अमृतसर में जालियां वाला कांड होने के पश्चात सारे देश में भारी रोष व विद्रोह की लहर फैल गई। प्रथम फरवरी 1922 ईस्वी को चौरा चौरी कांड के फलस्वरूप जब पुलिस के एक दरोगा द्वारा क्रांतिकारियों की पिटाई की गई तो, लोग भड़क उठे और उन्होंने पुलिस वालों पर हमला बोल दिया, परिणामस्वरूप इसमें 260 लोग मारे गए, बाद में इसमें 23 पुलिस वालों को भी मार दिया गया था। अमृतसर के जालियां वाला कांड के विरुद्ध 1920 इर्स्वी से 1922ईस्वी तक असहयोग आंदोलन चलाया गया। 1929 ईस्वी में पूर्ण स्वतंत्रता की मांग रखी गई। ऐसे ही फिर 1930 ईस्वी में सविनय अवज्ञा आंदोलन चलाया गया।

12 मार्च 1930 को महात्मा गांधी की नेतृत्व में नमक के लिए सत्यग्रह करते हुए डंडी यात्रा शुरू की गई, जो कि कई दिनों तक चलती रही। आगे 1942ईस्वी में नेता जी सुभाष चंद्र बोस द्वारा आजाद हिंद फौज का गठन किया गया और आजादी की गतिविधियां देश से बाहर भी की जाने लगी। 8 अगस्त 1942 ईस्वी को भारत छोड़ो आंदोलन को तेज कर दिया गया। आखिर सभी के कठिन प्रयासों व अमूल्य बलिदानों ने रंग लाया और 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हो गया। 1950-51 ईस्वी की गणना के अनुसार (खून खराबे के बावजूद )इधर से 72 लाख 26000 मुसलमान पाकिस्तान को तथा उधर से इधर 72 लाख 49000 हिंदू व सिख विस्थापित होकर स्वतंत्र भारत पहुंचे थे।

तभी से इस दिन को स्वतंत्रता दिवस के रूप में (15 अगस्त को )बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है । 15 अगस्त की पूर्व संध्या को देश के राष्ट्रपति का संदेश देश वासियों के नाम से प्रसारित किया जाता है। अगले दिन अर्थात 15 अगस्त को देश के प्रधानमंत्री का संदेश देशवासियों के लिए लाल किले से दिया जाता है। प्रधानमंत्री द्वारा ही झंडा फहरा कर , 21 तोपों के साथ सलामी दी जाती है, सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यकर्मों के पश्चात राष्ट्रगान होता है। इनके साथ ही साथ जगह-जगह रेडियो टेलीविजन आदि पर देश भक्ति के कार्यक्रम व गीतों का प्रसारण किया जाता है।

देश के सभी राज्यों के मुख्यालयों में मुख्यमंत्रियों द्वारा व शहरों कस्बों में प्रशासनिक अधिकारियों व गणमान्य नागरिकों द्वारा झंडे की रसम के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों व परेड आदि का आयोजन किया जाता है। सभी सरकारी संस्थानों में भी झंडे की रसम अदा की जाती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# एचआईवी और एड्स बारे जागरूकता बढ़ाने को दौड़े 20 कॉलेजों के छात्र

## अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर जिला कांगड़ा में रेड रन मैराथन का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को रेड रन मैराथन का आयोजन किया गया, जिसमें जिला कांगड़ा के 20 राजकीय महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 17 वर्ष से 25 वर्ष आयु वर्ग के छात्रों ने भाग लिया। मैराथन को मुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जोकि जोनल अस्पताल से शुरू होकर शहीद स्मारक से होती हुई चीलगाड़ी रोड़ से होकर जोनल अस्पताल पहुंची। इस आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए मुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने बताया कि रेड रन मैराथन का उद्देश्य युवा वर्ग में एचआईवी की रोकथाम के बारे जागरूकता बढ़ाने के लिए रेड रन सिर्फ दौड़ से पहले कहीं अधिक है।




डॉ. गुलेरी ने कहा कि आज के समय मे युवाओं में नशा एक गंभीर समस्या बनती जा रही है तथा नशे की लत के शिकार युवाओं की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। ऐसे आयोजन का लक्ष्य युवा वर्ग में सुरक्षित एवं जिम्मेदार यौन व्यवहार से बारे जागरूकता बढ़ाने व एचआईवी व एसटीआई सेवाओं बारे जानकारी तथा जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश सूद ने बताया कि जिला कांगड़ा के युवाओं एचआईवी एड्स व नशे से बचाव के बारे जागरूकता बढाने के लिए समयसमय पर जागरूकता गतिविधियों द्वारा जागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। एचआईवी–एड्स हेल्पलाइन नंबर 1097 डायल करके इससे संबंधी कोई भी जानकारी ली जा सकती है। डॉ.सूद ने इस दौरान युवाओं को एचआईवी एड्स संक्रमित और प्रभावित लोगों के लिए कलंक मुक्त वातावरण बनाने का आह्वान किया।

मैराथन प्रतियोगिता में लड़कों में राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के छात्र पर्व चौधरी प्रथम, अर्जुन चौहान द्वितीय, राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बंगवा के अभय उत्तम तृतीय रहे। शिवम कौंडल राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला और राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बंगवा के छात्र अक्षय चौधरी को विशेष सराहना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** दिनांक 14 अगस्त को ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में चेयरमैन रणवीर सिंह, सेक्रेटरी कंवलजीत सिंह और प्रधानाचार्या अनुमीत कौर की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम बड़ी धूम धाम से मनाया गया। इस मौके पर स्कूल के चारो सदनो गांधी सदन, पटेल सदन, तिलक सदन और नेहरू सदन की तरफ से देशभक्ति के नाटक और नृत्य पेश किए गए। सभी छात्रों ने अपने हुनर को पेश किया। कक्षा चौथी और पांचवीं के छात्रों ने कैसी ड्रेस क्रायर्कम पेश किया। इस मौके पर छात्रों ने देशभक्ति के गीत भी प्रस्तुत किए। सभी छात्र इस कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण और शांतिपूर्ण देख रहे थे। अंत में प्रधानाचार्या अनुमीत कौर ने सभी को स्वतवंता दिवस की बधाई दी और कहा कि हमें अपने देश के शहीदों को हमेशा याद रखना चाहिए और उनका सम्मान करना चाहिए।

### अंडर-14 खेलों में डरोह ओवरऑल विजेता

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डरोह के छात्रों ने एक बार फिर ओवरऑल विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया है। बीते लंबे समय से अंडर-14 खेलों में डरोह स्कूल के छात्रों का दबदबा रहा है। शिक्षाखंड भवारना के अंडर-14 खेल प्रतियोगिता का आयोजन खैरा में किया गया। इसमें भवारना ब्लॉक के लगभग 12 स्कूलों के 236 छात्रों ने भाग लिया। डरोह स्कूल की छात्राओं ने कबड्डी, वॉलीबॉल व खो-खो में विजेता का खिताब हासिल किया व बैडमिंटन में उपविजेता रहीं। स्कूल के छात्र कबड्डी, वॉलीबॉल और खो-खो में उपविजेता रहे।

### भाजपा ने मनाया विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला भाजपा ने कुल्लू में जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल की अध्यक्षता में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष तिलक राज रहे। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य पर बड़ी संख्या में जिला भाजपा पदाधिकारी व पार्टी के विभिन्न मोर्चों व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर पूर्व संघ प्रमुख पंडित जगरनाथ एवं विभाजन का दंश झेले बृष्ठ नागरिक विजय कंबोज ने विभाजन के समय की स्मृतियों व उस वक्त के हालात का विस्तारपूर्वक वर्णन किया।

### शतरंज में जीते झिकली भेठ के नन्हे उस्ताद

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** संसाल में संपन्न हुई बैजनाथ शिक्षा खंड की अंडर-14 खेल प्रतियोगिताओं की शतरंज स्पर्धा में राजकीय उच्च पाठशाला झिकली भेठ के नन्हे खिलाड़ियों ने लगातार तीसरी बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाकर अपने गांव एवं विद्यालय का परचम लहराया है। स्पर्धा में विद्यालय के अनीश, अर्णव, वरुण, यश कपूर, आयुष कपूर, श्रेया कुमारी, बिंदिया बरवाल, निधि, नव्या वर्मा और अलीशा ने भाग लिया और प्रथम स्थान हासिल किया।

### वाद-विवाद में दसवीं कक्षा की सृष्टि प्रथम

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** महर्षि विद्या मंदिर स्कूल खतेहड़ ,धर्मशाला में क्षेत्रीय संस्कृत समारोह उत्तर क्षेत्र से कुरुक्षेत्र में मेजबानी की। इस समारोह में उत्तर क्षेत्र से एमबीएम के 12 स्कूलों ने 29 कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। महर्षि विद्या मंदिर स्कूल खतेहड़ से वाद-विवाद प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा की छात्रा सृष्टि ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलक्ष्य में प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा ने अध्यापकों और विद्यार्थियों को बधाई दी।

### केटलू स्कूल के खिलाड़ी वॉलीबॉल में उपविजेता

**अनंत ज्ञान, गगल।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल कल्याड़ा में हुई रैत जोन की अंडर-14 खेल प्रतियोगिता में राजकीय उच्च विद्यालय केटलू के बच्चे वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता में उपविजेता रहे जानकारी देते हुए स्कूल के मुख्य अध्यापक रविंद्र मोगरा ब शारीरिक अध्यापक पूर्ण चंद ने बताया कि रैत जोन में हुई खेल प्रतियोगिताएं में राजकीय उच्च विद्यालय केटलू के बच्चे उपविजेता रहे। इस अवसर पर स्कूल के मुख्य अध्यापक रविंद्र मंगरा ने बच्चों को जीत के लिए बधाई दी।

### एनसीसी सीएटीसी कैंप में बैजनाथ अव्वल

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** रेनबो वर्ल्ड स्कूल भवारना में 5 अगस्त से शुरू हुए एनसीसी सीएटीसी-200 कैंप का बुधवार को समापन हो गया। कैंप में राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ के 56 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। इस कैंप में कांगड़ा तथा मंडी जिले के 10 स्कूलों और 3 कॉलेजों ने हिस्सा लिया। कैंप मैं कैडेट्स को विभिन्न गतिविधियों से अवगत करवाया गया। राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ ने एनसीसी कैंप में कई स्पर्धाओं में प्रथम स्थान हासिल किया।

### भाषण में रोनिका और निबंध में प्रियंका प्रथम

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** राजकीय महाविद्यालय ज्वालाजी में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन और मेहंदी प्रतियोगिता में लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रोनिका, निबंध लेखन में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रियंका, मेहंदी प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा पल्लवी प्रथम स्थान पर रहीं।

Happy Birthday
मुंबई के सचिन शनभाग
को अनंत ज्ञान परिवार की तरफ से जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

करिश्मा फिलिंग स्टेशन
की ओर से
स्वतंत्रता दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
ललित पाठक
एमडी
गांव दरबाथू डाकघर लोहारा
तह. बल्ह, जिला मंडी

आभार हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

स्वतंत्रता दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
